55. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया कि इस कार्यक्रम के तहत, निवेश कर भत्ता (आईटीए) प्राप्त कंपनी प्रत्येक मूल्यांकन वर्ष के लिए वैधानिक आय के विरुद्ध इस भत्ते को ऑफसेट करने की हकदार है। यह कार्यक्रम विनिर्माण क्षेत्र में संवर्धित क्रियाकलापों/ उत्पादों में निवेश को प्रोत्साहित करता है, जो अर्थव्यवस्था के विकास और वृद्धि में योगदान कर सकते हैं। यह विनिर्माण क्षेत्र में संवर्धित उत्पादों/क्रियाकलापों के लिए स्थानीय और विदेशी निवेशकों, दोनों पर लागू होता है। पहले अर्हता प्राप्त पूंजी व्यय पर 5 वर्षों के भीतर किए गए अपने अर्हता प्राप्त पूंजी व्यय पर 60% का भत्ता दिया जाता है। कंपनी प्रत्येक मूल्यांकन वर्ष के लिए अपनी वैधानिक आय के 70% के विरुद्ध इस भत्ते को ऑफसेट कर सकती है। इसकी वैधानिक आय का शेष 30% प्रचलित कंपनी कर दर पर कर लगाया जाएगा। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश अधिनियम, 1986 का संवर्धन

ख) गैट 1994 के अनुच्छेद 16:1 और सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी करार-मलेशिया दिनांक 5 अक्टूबर, 2017 के अनुच्छेद 25 के अनुसरण में अधिसूचना।

ग) http://www.mida.gov.my/home/incentives-in-manufacturing-sector/posts/

घ) उन संवर्धित क्रियाकलापों और उत्पादों की सूची जो निवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 1986 के तहत अग्रणी स्थिति और निवेश कर भत्ते पर विचार किए के लिए पात्र हैं।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षेकारों द्वारा किए गए अनुरोध

56. किसी संवर्धित क्रियाकलाप में भाग लेने या उस क्रियाकलाप/उत्पाद संवर्धित उत्पाद का उत्पादन करने की इच्छुक किसी भी कंपनी को अग्रणी स्तर प्रदान किया जाए, जो मलेशिया के लिए राष्ट्रीय और रणनीतिक महत्व का हो। संवर्धित क्रियाकलाप और संवर्धित उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और उद्योग मत्री द्वारा निर्धारित किए जाते हैं और राजपत्र में प्रकाशित किए जाते हैं। निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986 (अधिनियम 327) की धारा 26-29 इसके साक्ष्य हैं।

57. यह भत्ता केवल औद्योगिक भवनों, संयंत्र और मशीनरी पर किए गए पूंजीगत व्यय पर दिया जाता है जो सीधे बढ़ावा दी गई क्रियाकलापों या बढ़ावा दिए गए उत्पादों के उत्पादन के लिए प्रयोग किए जाते हैं। कंपनियों को एमआईटीआई के तहत एक एजेंसी, एमआईडीए को आईटीए कार्यक्रम के लिए आवेदन जमा करने की आवश्यकता होती है। इसके बाद कंपनी को एमआईडीए द्वारा विधिवत प्रमाणित पहले पूंजीगत व्यय की शुरुआत के लिए आईटीए अवधि की शुरुआत सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। बाद में, कार्यक्रम के साथ अनुमोदित कंपनियां कर कटौती के लिए दावे की गणना वाले अपने वार्षिक कर विवरणी के साथ इनलैंड राजस्व बोर्ड (आईआरबी) को अपने दावे प्रस्तुत करती हैं।

58. आईटीए के लिए पात्रता मानदंड प्रबंधकीय, तकनीकी और पर्यवेक्षक (एमटीएस) सूचकांक द्वारा मापी गई मूल्य वर्धित (वीए) प्रतिशत और प्रौद्योगिकी का स्तर है।

59. सभी व्यक्ति/फर्में जिन्होंने आवेदन किया और सभी पात्रता मानदंडों को पूरा किया, उन्हें मंजूरी नहीं दी गई है। आवेदकों को अनुमोदन समिति से गुजरना होगा। सहायता सांविधिक आय से कटौती है। भत्ते को पूरी तरह से उपयोग किए जाने तक अग्रेणीत जा सकता है।

60. कोई कंपनी अग्रणीय स्तर प्राप्त करने के लिए चुनी जा सकती है लेकिन निवेश कर भत्ता प्राप्त नहीं कर सकती है, या निवेश कर भत्ता प्राप्त करने के लिए चुनी जा सकती है, लेकिन अग्रणीय स्तर नहीं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

61. प्राधिकारी नोट करते हैं कि निवेश कर भत्ता कार्यक्रम के लिए निवेश संवर्धन अधिनियम 1986 की धारा 26 से 29 में प्रावधान है। संवर्धित क्रियाकलापों और संवर्धित उत्पादों को पूंजी भत्ता दिया जाता है। मूल्य संवर्धन और तकनीकी अपेक्षाओं को भी पूरा किया जाना होता है। पहली अर्हता प्राप्त पूंजी व्यय किए जाने की तारीख से पांच वर्षों के भीतर किए गए अर्हता प्राप्त पूंजी व्यय पर 60% का निवेश कर भत्ता। भत्ते का उपयोग मूल्यांकन के प्रत्येक वर्ष के लिए सांविधिक आय के 100% के विरुद्ध ऑफसेट करने के लिए किया जा सकता है। किसी भी अप्रयुक्त भत्ते को पूरी तरह से उपयोग किए जाने तक बाद के वर्षों में अग्रेणीत किया जा सकता है। यहां तक कि उन कंपनियों के लिए जो संवर्धित क्रियाकलाप, मूल्यवर्धन और प्रौद्योगिकी के स्तर के सूचीबद्ध मानदंडों को पूरा करती हैं, प्राधिकारी इस कार्यक्रम के तहत लाभ चाहने वाले आवेदक को अस्वीकार करने का विवेकाधिकार रखते हैं।

62. इस कार्यक्रम में राजस्व त्याग के रूप में वित्तीय योगदान का प्रावधान है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ उद्यमों तक सीमित है, जो संवर्धित उत्पाद को पूरा करता है और प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित है। जिस कंपनी को अग्रणीय स्तर से आयकर छूट प्राप्त हुई है, वह इस कार्यक्रम के तहत लाभ नहीं उठा सकती है। कार्यक्रम प्रतिकार योग्य होने के लिए जाना जाता है। यह भी नोट किया जाता है कि कोई भी निर्यातक किसी भी दो योजनाओं में से किसी एक के तहत लाभ प्राप्त कर सकता है और इसलिए, किसी एक योजना के लिए प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाया जाना चाहिए ने कि दोनों के लिए।

63. **एसबीएच किर्बिंग सोलर न्यू मैटेरियल:** निर्यातक द्वारा अपने उत्तर और डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि उसने योजना के तहत लाभ प्राप्त किया है। प्राधिकारी नोट करते है कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाया जाना चाहिए।

64. **शिनयी सोलर:** शिनयी सोलर एसडीएन. बीएचडी, मलेशिया ने अनुरोध किया है कि उसने वर्तमान योजना के तहत लाभ प्राप्त किया है, जिसके तहत जनवरी 2015 से दस (10) वर्षों की अवधि के भीतर उत्पादन सुविधाओं पर किए गए कुल निवेश लागत का उपयोग वर्ष 2015 से संचित आईटीए का पूरी तरह से उपयोग होने तक अर्जित कर योग्य लाभ को ऑफसेट करने के लिए किया जा सकता है। डेस्क सत्यापन के दौरान निर्यातक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से सत्यापन किया गया है। इसलिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के खिलाफ प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाया जाना चाहिए।

v. कार्यक्रम 5: पुनर्निवेश भत्ता

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

65. मौजूदा कंपनियों के लिए पुनर्निवेश भत्ता (आरए) उपलब्ध है जो विनिर्माण और चयनित कृषि गतिविधियों में लगी हुई हैं जो विस्तार, स्वचालन, आधुनिकीकरण या उसी उद्योग के भीतर किसी भी संबंधित उत्पादों में विविधीकरण के प्रयोजनों के लिए पुनर्निवेश करती हैं, इस शर्त पर कि ऐसी कंपनियां कम से कम 36 महीनों से प्रचालन में हैं। आरए कंपनी द्वारा किए गए अर्हता प्राप्त पूंजीगत व्यय पर 60% की दर से दिया जाता है, और मूल्यांकन के वर्ष के लिए इसकी सांविधिक आय के 70% के विरुद्ध ऑफसेट किया जा सकता है। किसी भी अप्रयुक्त भत्ते को पूरी तरह से उपयोग किए जाने तक बाद के वर्षों में अग्रणीत किया जा सकता है।

66. एक कंपनी मूल्यांकन के वर्ष के लिए अपनी सांविधिक आय के 100% के विरुद्ध आरए को ऑफसेट कर सकती है, यदि कंपनी वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित स्तर से अधिक उत्पादकता स्तर प्राप्त करती है।

67. आरए प्रथम पुनर्निवेश किए जाने के वर्ष से आरंभ होने वाले 15 वर्षों की लगातार अवधि के लिए दिया जाएगा। कंपनियां केवल अर्हता प्राप्त परियोजना के पूरा होने पर, यानी भवन के पूरा होने के बाद या जब संयंत्र/मशीनरी प्रचालनात्मक उपयोग में लाई जाती है, आरए का दावा कर सकती हैं।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षेकारों द्वारा किए गए अनुरोध

68. मलेशिया सरकार सहित किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने इस योजना का कोई विवरण नहीं दिया। मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि उचित औचित्य के बिना मूल प्रतिसंतुलनकारी शुल्क (सीवीडी) जांच का हिस्सा नहीं रहे कथित सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करना सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों पर डब्ल्यूटीओ करार (एएससीएम) के मौलिक सिद्धांतों और साक्ष्य सत्यापन के लिए स्थापित प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है।

69. मलेशिया सरकार का मानना है कि डीजीटीआर को सभी साक्ष्यों का पूरी तरह से सत्यापन करना चाहिए और केवल असमर्थित आरोपों को स्वीकार नहीं कर सकता है, क्योंकि इससे उचित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच के लिए एएससीएम की मौलिक अपेक्षाओं का उल्लंघन होगा। अनुच्छेद 11.2 के साक्ष्य मानकों को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रमों का जुड़ना जांच प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करता है और स्थापित डब्ल्यूटीओ दायित्वों का उल्लंघन करता है।

70. अनुच्छेद 11.2 के तहत, जांच शुरू करने के लिए एक आवेदन-पत्र में (क) सब्सिडी और, यदि संभव हो, इसकी राशि; (ख) अनुच्छेद 15 के अर्थ के भीतर क्षति ; और (ग) सब्सिडी वाले आयात और कथित क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क का साक्ष्य शामिल होगा"। जांच प्राधिकारी इन मूलभूत साक्ष्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रम को जोड़ नहीं सकते हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

71. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पुनर्निवेश भत्ता (आरए) आयकर अधिनियम, 1967 की अनुसूची 7क के तहत प्रदान किया जाता है। यह मौजूदा विनिर्माण और कुछ कृषि कंपनियों को विस्तार, आधुनिकीकरण, स्वचालन या संबंधित उत्पादों में विविधीकरण में पुनर्निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

72. प्राधिकारी आयकर अधिनियम और मलेशियाई कर प्रोत्साहन पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध मार्गदर्शन के आधार पर नोट करते हैं कि आरए: (i) पुनर्निवेश के लिए एक दीर्घावधि अवधि भत्ता (15 वर्ष) है; (ii) क्षमता विस्तार और तकनीकी उन्नयन के लिए पूंजी पुनर्निवेश को प्रोत्साहित करता है; और (iii) पूंजी-गहन निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण कर बचत प्रदान करता है।

73. अत:, तीन-तत्व परीक्षण को लागू करके: (i) वित्तीय योगदान: आरए कर योग्य आय आधार को कम करता है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार द्वारा राजस्व छोड़ा जाता है; (ii) लाभ: आरए कंपनियों को मानक व्यवस्था के तहत कम आयकर का भुगतान करने की अनुमति देता है। लाभ को आरए कटौती के कारण बचाए गए कर के रूप में निर्धारित किया जा सकता है; और (iii) विशिष्टता: आरए केवल मौजूदा विनिर्माण कंपनियों के लिए उपलब्ध है, जो 36 महीने की संचालन शर्त और निर्दिष्ट परियोजनाओं में पुनर्निवेश के अधीन है। यह सामान्य रूप से उपलब्ध उपाय नहीं है। इस प्रकार पुनर्निवेश भत्ता सैद्धांतिक रूप से प्रतिकार योग्य सब्सिडी है। हालाँकि, इस कार्यक्रम के तहत सहयोगी निर्यातकों द्वारा लाभ नहीं उठाया जाता है।

vi. कार्यक्रम 6: बढ़ाया गया पूंजी भत्ता

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

74. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत एक विशेष भत्ता दिया जाता है, जहां पूंजीगत व्यय को 2 वर्षों के भीतर बट्टे खाते में डाल दिया जाता है, अर्थात 40% का प्रारंभिक भत्ता और 20% का वार्षिक भत्ता दिया जाता है। पुनर्निवेश भत्ते के लिए पात्रता की 15 साल की अवधि के बाद, जो कंपनियां संवर्धित उत्पादों के निर्माण में पुनर्निवेश करती हैं, वे त्वरित पूंजी भत्ते के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। आवेदन एमआईडीए से एक पत्र के साथ आईआरबी को प्रस्तुत किए जाने हैं, जिसमें यह प्रमाणित किया गया है कि कंपनियां संविर्धित क्रियाकलापों/उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। कार्यक्रम के की मौजूदगी के साक्ष्य रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश अधिनियम, 1986 का संवर्धन

ख) http://www.mida.gov.my/home/incentives-in-manufacturing-sector/posts/

ग) संवर्धित क्रियाकलापों और उत्पादों की सूची जो निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986 के तहत अग्रणी स्थिति और निवेश कर भत्ते पर विचार करने के लिए पात्र हैं।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षेकारों द्वारा किए गए अनुरोध

75. बढ़ाया गया पूंजी भत्ता (एसीए) में दो वर्षों के भीतर अर्थात पहले वर्ष में 20 प्रतिशत का प्रारंभिक भत्ता और 40 प्रतिशत का वार्षिक भत्ता के अंतर्गत पूंजीगत व्यय को बट्टे खाते में डालने के लिए भत्तों का प्रावधान है। यह कार्यक्रम सभी कंपनियों के लिए उपलब्ध है और आईआरबी एसीए प्रदान करने में वस्तुनिष्ठ मानदंड लागू करता है। यह सहायता एक बढ़ाया गया पूंजी भत्ता है जिसे कर योग्य आय से घटाया जाता है। इस भत्ते को अग्रेणीत किया जा सकता है। आम तौर पर, बढ़ाए गए पूंजी भत्ते (एसीए) के लिए पात्र होने हेतु, किसी व्यक्ति को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी चाहिए:

क) वह आधार अवधि के दौरान व्यवसाय कर रहा था,

ख) उसने आधार अवधि में पात्र व्यय किया है,

ग) परिसंपत्ति का प्रयोग व्यवसाय के उद्देश्यों के लिए किया गया था, और

घ) आधार अवधि के अंत में, वह परिसंपत्ति का स्वामी था और परिसंपत्ति प्रयोग में थी।

76. जांचाधीन कंपनियां एसीए का दावा करने के लिए पात्र होंगी, यदि वे मानदंडों को पूरा करती हैं और सरकार यह विवेकाधिकार नहीं बरतती है कि कौन सी कंपनी लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

77. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम में दो वर्षों के भीतर कुल पूंजीगत व्यय को बट्टे खाते में डालने के लिए पूंजी भत्ता प्रदान किया गया है, अर्थात, पहले वर्ष में 20 प्रतिशत का प्रारंभिक भत्ता और 40 प्रतिशत का वार्षिक भत्ता। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम में राजस्व त्याग के रूप में वित्तीय योगदान का प्रावधान है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ उद्यमों के लिए उपलब्ध है जो संबंधित क्रियाकलाप कर हैं, जो इस भत्ते का उपयोग करने के लिए योग्य है और पात्रता की 15 वर्ष की अवधि की समाप्ति के कारण पुनर्निवेश भत्ते के लिए पात्र नहीं है। इसलिए, कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य माना जाता है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

vii. कार्यक्रम 7: हरित वित्तपोषण पहलें

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

78. याचिकाकर्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, यह योजना मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी (एमआईडीए) (https://www.mida.gov.my/), द्वारा संचालित है, इन वित्तीय प्रोत्साहनों में नवीकरणीय ऊर्जा निवेशों के लिए पर्याप्त कर लाभों का प्रावधान है। कार्यक्रम योग्य हरित व्यय पर पूंजी भत्ते प्रदान करता है, जबकि जीआईटीई पात्र हरित गतिविधियों से प्राप्त आय के एक प्रतिशत को कराधान से छूट देता है, प्रभावी रूप से पीपीए व्यवस्था सहित सौर परियोजनाओं के लिए निवेश पर आय को बढ़ाता है।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

79. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया कि उचित औचित्य के बिना मूल प्रतिसंतुलनकारी शुल्क (सीवीडी) जांच का हिस्सा नहीं होने वाले कथित सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करना सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों पर डब्ल्यूटीओ करार (एएससीएम) के मौलिक सिद्धांतों और साक्ष्य सत्यापन के लिए स्थापित प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है।

80. मलेशिया सरकार का विचार है कि डीजीटीआर को सभी सबूतों का पूरी तरह से सत्यापन करना चाहिए और केवल असमर्थित आरोपों को स्वीकार नहीं कर सकता है, क्योंकि इससे उचित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच के लिए एएससीएम की मौलिक अपेक्षाओं का उल्लंघन होगा। अनुच्छेद 11.2 के साक्ष्य मानकों को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रमों का जुड़ना जांच प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करता है और स्थापित डब्ल्यूटीओ दायित्वों का उल्लंघन करता है।

81. अनुच्छेद 11.2 के तहत, जांच शुरू करने के लिए एक आवेदन-पत्र में (क) सब्सिडी और, यदि संभव हो, इसकी राशि; (ख) अनुच्छेद 15 के अर्थ के अभिप्राय से क्षति और (ग) सब्सिडी वाले आयात और कथित क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क का साक्ष्य शामिल होगा"। जांच प्राधिकारी इन मूलभूत साक्ष्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रम को जोड़ नहीं सकते हैं।

82. किसी भी प्रतिभागी निर्यातक ने इस कार्यक्रम के बारे में कोई सूचना नहीं दी है, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या उन्होंने इसके तहत किसी भी सब्सिडी का लाभ उठाने से परहेज किया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

83. प्राधिकारी नोट करते हैा कि घरेलू उद्योग द्वारा रखी गई सामग्री और हरित प्रौद्योगिकी के लिए मलेशियाई कर प्रोत्साहन पर सामान्य सूचना के आधार पर लाभार्थियों को सामान्य बाजार स्थितियों की तुलना में कम वित्तपोषण लागत या कम कर देनदारियों का लाभ मिलता है; और इस तरह के उपाय हरित प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा गतिविधियों के लिए विशिष्ट हैं, जो आम तौर पर सभी उद्यमों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए प्राधिकारी इस कार्यक्रम को सिद्धांत रूप में प्रतिकार योग्य मानते हैं। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

viii. कार्यक्रम 8: नेट एनर्जी मीटरिंग (एनईएम) और सौर प्रोत्साहन

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

84. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि वर्तमान कार्यक्रम के तहत, मलेशिया सरकार सौर उत्पादन (रूफटॉप, ऑनसाइट) के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है।

85. याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, एनईएम राक्यत पहल मलेशिया की एनईएम 3.0 योजना का हिस्सा है, जिसे नेट मीटरिंग की अनुमति के माध्यम से रूफटॉप सौर प्रतिष्ठानों को प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस योजना के तहत, मलेशियाई सरकार ने सोलर फॉर राक्यत इंसेंटिव स्कीम (सोलारिस) शुरु की थी, जिसमें घरेलू सौर प्रतिष्ठानों के लिए एमआईआर 4,000 (942.12 डॉलर) तक की छूट की पेशकश की गई थी।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

86. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया कि उचित औचित्य के बिना मूल प्रतिसंतुलनकारी शुल्क (सीवीडी) जांच का हिस्सा नहीं होने वाली कथित सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करना सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों पर डब्ल्यूटीओ करार (एएससीएम) के मौलिक सिद्धांतों और साक्ष्य सत्यापन के लिए स्थापित प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है।

87. मलेशिया सरकार का विचार है कि डीजीटीआर को सभी सबूतों का पूरी तरह से सत्यापन करना चाहिए और केवल असमर्थित आरोपों को स्वीकार नहीं कर सकता है, क्योंकि इससे उचित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच के लिए एएससीएम की मौलिक अपेक्षाओं का उल्लंघन होगा। अनुच्छेद 11.2 के साक्ष्य मानकों को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रमों का जुड़ना जांच प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करता है और स्थापित डब्ल्यूटीओ दायित्वों का उल्लंघन करता है।

88. अनुच्छेद 11.2 के तहत, जांच शुरू करने के लिए एक आवेदन-पत्र में (क) सब्सिडी और, यदि संभव हो, इसकी राशि; (ख) अनुच्छेद 15 के अर्थ के अभिप्राय से क्षति और (ग) सब्सिडी वाले आयात और कथित क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क का साक्ष्य शामिल होगा"। जांच प्राधिकारी इन मूलभूत साक्ष्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रम को जोड़ नहीं सकते हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

89. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मलेशिया में सोलरिस जैसी एनईएम 3.0 और संबंधित योजनाएं नेट मीटरिंग और प्रत्यक्ष छूट की अनुमति देकर रूफटॉप सौर प्रतिष्ठानों के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती हैं। घरेलू उद्योग का आरोप है कि संबद्ध निर्यातकों ने महत्वपूर्ण रूफटॉप सौर क्षमता स्थापित की है और इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। प्राधिकारी इस कार्यक्रम को सैद्धांतिक रूप से प्रतिकार योग्य मानते हैं क्योंकि लाभ केवल उन संस्थाओं को दिया जाता है जिन्होंने सौर प्रतिष्ठान स्थापित किए हैं। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

ix. कार्यक्रम 9: क्षेत्रीय प्रोत्साहन (सभा/मेलाका)

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

90. याचिकाकर्ता ने सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर अनुरोध किया है कि वर्तमान योजना के तहत, दोनों निर्यातकों को क्षेत्रीय योजनाओं जैसे भूमि सब्सिडी, फास्ट-ट्रैक परमिट आदि के माध्यम से सरकारी स्तर की सहायता से लाभ हुआ है, और उपलब्ध सूचना के अनुसार भाग लेने वाले निर्यातकों में से एक को किमानिस में एक नई सौर ग्लास विनिर्माण सुविधा में 7.2 बिलियन रुपये के निवेश के माध्यम से योजना के तहत लाभ मिल रहा है।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

91. मलेशिया सरकार ने विस्तृत क्षेत्रीय प्रोत्साहन कार्यक्रम प्रलेखन प्रदान नहीं किया है, लेकिन फिर से साक्ष्य के लिए एएससीएम अपेक्षाओं और किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करने से पहले उचित औचित्य की आवश्यकता पर जोर दिया है। इसके अलावा, दोनों निर्यातकों ने भी योजना का कोई विवरण प्रदान नहीं किया है और इस बात से इनकार किया है कि उन्होंने इस तरह कोई लाभ प्राप्त किया है।

क. प्राधिकारी द्वारा जांच

92. घरेलू उद्योग का आरोप है कि सरकारी या कॉरिडोर स्तर (उदाहरण के लिए, सबा, मेलाका) पर क्षेत्रीय प्रोत्साहन योजनाएं नामित क्षेत्रों में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए भूमि सब्सिडी, बुनियादी ढांचे का समर्थन और तेजी से ट्रैक पर परमिट प्रदान करती हैं। भाग लेने वाले निर्यातकों में से एक को किमानिस (सबा) में लगभग 7.2 बिलियन के निवेश वाले एक बड़े सौर ग्लास विनिर्माण सुविधा के संबंध में इस तरह के क्षेत्रीय प्रोत्साहनों से लाभ हुआ।

93. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मलेशिया ने आर्थिक गलियारों और सरकारी योजनाओं को नामित किया है जिसका उद्देश्य निवेश को आकर्षित करना है: (i) भूमि का बाजार से कम प्रावधान; (ii) सरकार द्वारा वित्त पोषित या सह-वित्त पोषित बुनियादी ढांचा; और (iii) सरलीकृत और शीघ्र परमिट देने की प्रक्रियाएं। वैचारिक रूप से, इस तरह के उपाय तीन-तत्व परीक्षण को पूरा कर सकते हैं यदि: (i) भूमि और बुनियादी ढांचे को अपर्याप्त पारिश्रमिक से कम पर प्रदान किया जाता है, जिसका अर्थ है राजस्व की हानि या सरकारी लागत की धारणा; (ii) निवेशक की पूंजी लागत कम हो जाती है, जिससे मापने योग्य लाभ मिलता है; और (iii) प्रोत्साहन विशेष रूप से नामित क्षेत्रों और विशेष परियोजनाओं के लिए हैं, और आम तौर पर राष्ट्रव्यापी सभी कंपनियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। तथापि, विशिष्ट विधायी पाठ, ऋण करार और वास्तविक उपयोग के आंकड़े रिकॉर्ड में नहीं हैं। यद्यपि प्राधिकारी इस कार्यक्रम को सैद्धांतिक रूप से प्रतिकार योग्य मानते हैं, तथापि इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं उठाया जाता है।

x. कार्यक्रम 10: आपूर्ति श्रृंखला सुविधा कार्यक्रम

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

94. आवेदक ने अनुरोध किया है कि इस योजना के तहत मलेशिया सरकार स्थानीय विक्रेता विकास के लिए सहायता प्रदान कर रही है। इसके द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य घरेलू कंपनियों के लिए अवसर पैदा करना, आपूर्ति श्रृंखला में कमियों को दूर करना, बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) और सीमित देयता कंपनियों (एलएलसी) को अपनी विनिर्माण गतिविधियों को घरेलू कंपनियों को आउटसोर्स करने में सहायता करना, साथ ही घरेलू कंपनियों को विकसित और उन्नत करना है। इसमें आरोप लगाया गया है कि मलेशियाई

निवेश विकास प्राधिकारी (एमआईडीए) इस कार्यक्रम के उद्देश्य के लिए शिनयी एनर्जी को अपनी सहायता प्रदान कर रहे है।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

95. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि उचित औचित्य के बिना मूल प्रतिसंतुलनकारी शुल्क (सीवीडी) जांच का हिस्सा नहीं होने वाली कथित सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करना सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों पर डब्ल्यूटीओ करार (एएससीएम) के मौलिक सिद्धांतों और साक्ष्य सत्यापन के लिए स्थापित प्रक्रियात्मक आवश्य अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है।

96. मलेशिया सरकार का विचार है कि डीजीटीआर को सभी सबूतों का पूरी तरह से सत्यापन करना चाहिए और केवल असमर्थित आरोपों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इससे उचित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच के लिए एएससीएम की मौलिक अपेक्षाओं का उल्लंघन होगा। अनुच्छेद 11.2 के साक्ष्य मानकों को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रमों का जुड़ना जांच प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करता है और स्थापित डब्ल्यूटीओ दायित्वों का उल्लंघन करता है।

97. अनुच्छेद 11.2 के तहत, जांच शुरू करने के लिए एक आवेदन-पत्र में (क) सब्सिडी और, यदि संभव हो, इसकी राशि; (ख) अनुच्छेद 15 के अर्थ के अभिप्राय से क्षति और (ग) सब्सिडी वाले आयात और कथित क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क का साक्ष्य शामिल होगा"। जांच प्राधिकारी इन मूलभूत साक्ष्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रम को जोड़ नहीं सकते हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

98. आपूर्ति श्रृंखला सुविधा कार्यक्रम एक एमआईडीए-संचालित पहल है जिसका उद्देश्य घरेलू विक्रेताओं को अपग्रेड करना और बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी)/एलएलसी आउटसोर्सिंग को घरेलू आपूर्तिकर्ताओं का समर्थन करना है। मलेशिया में रसद और आपूर्ति श्रृंखला उद्योग की कंपनियों को विभिन्न कर प्रोत्साहन और/या सीमा शुल्क छूट सहित एमआईडीए से सुविधा सेवाओं के लिए पात्र बताया गया है। तथापि, विशिष्ट विधायी ग्रंथ, पाठ करार और वास्तविक उपयोग के आंकड़े रिकॉर्ड पर नहीं हैं। इसलिए प्राधिकारी इस कार्यक्रम को सिद्धांत रूप में प्रतिकार योग्य मानते है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत सहयशेगी निर्यातकों द्वारा लाभ नहीं उठाया जाता है।

xi. कार्यक्रम 11: समूह राहत

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

99. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि आयकर अधिनियम 1967 के तहत सभी स्थानीय निगमित निवासी कंपनियों को समूह राहत प्रदान की जाती है। यह संबद्ध कंपनियों को एक समूह इकाई के नुकसान को दूसरे के लाभ के खिलाफ विरुद्ध ऑफसेट करने की अनुमति देता है, दावेदार और सरेंडर करने वाली कंपनियों में से प्रत्येक के पास सामान्य शेयरों की प्रदत्त शेयर पूंजी 2.5 मिलियन से अधिक होनी चाहिए। दावेदार और सरेंडर करने वाली दोनों कंपनियों की लेखा अवधि समान होनी चाहिए। समूह में दावेदार और सरेंडर करने वाली कंपनियों की शेयरधारिता, चाहे प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, 70% से कम नहीं होनी चाहिए। मालिकाना हक या विदेशी स्वामित्व वाली कंपनी के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप होने वाले नुकसान को समूह राहत के उद्देश्य से नजरअंदाज किया जाना चाहिए।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

100. मलेशिया सरकार ने विस्तृत कार्यक्रम दस्तावेजीकरण प्रदान नहीं किया है, लेकिन फिर से साक्ष्य के लिए एएससीएम अपेक्षाओं और किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करने से पहले उचित औचित्य की आवश्यकता पर जोर दिया है। दोनों निर्यातकों ने इस योजना के तहत प्राप्त किसी भी लाभ से इनकार किया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

101. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयकर अधिनियम, 1967 के तहत समूह राहत, संबंधित कंपनियों को एक समूह इकाई के नुकसान को दूसरे के लाभ के खिलाफ ऑफसेट करने की अनुमति देती है, जिससे समूह स्तर पर समग्र कर बोझ कम हो जाता है। समूह राहत व्यवस्था की सामान्य समझ और रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के अनुसार: (i) समूह राहत आम तौर पर शेयरधारिता और नियंत्रण सीमा को पूरा करने वाली आवासी कंपनियों के लिए

एक आम तौर पर उपलब्ध तंत्र है; (ii) यह निर्यात निष्पादन या किसी विशिष्ट क्षेत्र पर निर्भर नहीं है; और (iii) यह उद्योगों या क्षेत्रों के बीच भेदभाव नहीं करता है।

102. तीन-तत्व परीक्षण को लागू करना: (i) जबकि समूह राहत में राजस्व की कुछ मात्रा शामिल हो सकती है, यह विशिष्ट उद्यमों या उद्योगों तक सीमित प्रतीत नहीं होता है; (ii) यह समूह कंपनियों के लिए आयकर प्रणाली की एक सामान्य विशेषता है; और (iii) इसलिए, प्रतिपूर्ति के लिए विशिष्टता की आवश्यकता पूरी नहीं होती है।

103. अत: प्राधिकारी इस कार्यक्रम को इस जांच के प्रयोजनों के लिए प्रतिकार योग्य नहीं मानते है।

xii. कार्यक्रम 12: औद्योगिक भवन भत्ता (आईबीए)

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

104. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि आईबीए उन कंपनियों को दिया जाता है जो निर्माण या भवन की खरीद पर पूंजीगत व्यय करती हैं जिसका उपयोग विनिर्माण, कृषि, खनन, बुनियादी ढांचा सुविधाएं, अनुसंधान, अनुमोदित सेवा परियोजनाओं और पर्यटन मंत्रालय के साथ पंजीकृत होटलों सहित विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

105. मलेशिया सरकार ने विस्तृत कार्यक्रम दस्तावेजीकरण उपलब्ध नहीं कराया है, लेकिन फिर से साक्ष्य के लिए एएससीएम अपेक्षाओं और किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करने से पहले उचित औचित्य की आवश्यकता पर जोर दिया है। दोनों निर्यातकों ने इस योजना के तहत प्राप्त किसी भी लाभ से इनकार कर किया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

106. प्राधिकारी नोट करते हैं कि उद्योग भवन भत्ता ("आईबीए") से संबंधित दावा घरेलू उद्योग द्वारा सामान्य शब्दों में किया गया है, जिसमें किसी भी लेनदेन-विशिष्ट या कंपनी-विशिष्ट साक्ष्य को रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है ताकि यह सिद्ध किया जा सके कि जांच की अवधि के दौरान संबद्ध निर्यातकों ने वास्तव में उक्त योजना का लाभ उठाया है।

107. यह भी नोट किया जाता है कि मलेशिया सरकार ने भाग लेने वाले निर्यातकों के संबंध में कथित प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत परिचालन ढांचे, पात्रता शर्तों, अनुदान तंत्र या वास्तविक संवितरण/लाभों को प्रदर्शित करने वाले कोई विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं। निर्यातकों ने अपनी ओर से, आईबीए योजना के तहत किसी भी लाभ की प्राप्ति से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है, और ऐसे इनकार का खंडन करने के लिए कोई विपरीत साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। प्रतिभागी निर्यातकों द्वारा लाभ की वास्तविक प्राप्ति को प्रमाणित करने वाली सत्यापन योग्य सूचना के अभाव में, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने में असमर्थ है कि कथित आईबीए योजना के परिणामस्वरूप जांच की अवधि के दौरान भाग लेने वाले निर्यातकों को कोई प्रतिकार योग्य सब्सिडी मिली है। तदनुसार, आईबीए से संबंधित दावे को वर्तमान जांच के उद्देश्य से स्वीकार नहीं किया जाता है।

xiii. कार्यक्रम 13: संयंत्रों और मशीनरी के लिए भत्ता

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

108. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि पूंजी भत्ता व्यवसाय के लिए निश्चित परिसंपत्तियों की टूट-फूट के लिए राहत है। अर्हता प्राप्त करने के लिए, व्यय प्रकृति में पूंजीगत होना चाहिए और व्यवसाय के उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त किया जाना चाहिए। अर्हता प्राप्त व्यय (क्यूई) में व्यवसाय में उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों की लागत शामिल है जैसे कि संयंत्र और मशीनरी, कार्यालय उपकरण, फर्नीचर, फिटिंग, मोटर वाहन आदि। जहां किसी परिसंपत्ति को किराए पर खरीद की अवधि पर अधिग्रहित किया जाता है, तो एक विशेष आधार अवधि के लिए क्यूई उस आधार अवधि के दौरान किए गए पूंजी पुनर्भुगतान की राशि पर आधारित होता है। प्रारंभिक भत्ता पूंजीगत व्यय किए जाने के समय परिसंपत्ति की लागत के आधार पर 20% पर तय किया जाता है। वार्षिक भत्ता परिसंपत्ति की मूल लागत के आधार पर हर साल दिया जाने वाला एक फ्लैट दर है और तदनुसार भिन्न होता है।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

109. मलेशिया सरकार ने विस्तृत कार्यक्रम दस्तावेजीकरण उपलब्ध नहीं कराया है, लेकिन फिर से साक्ष्य के लिए एएससीएम अपेक्षाओं और किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करने से पहले उचित औचित्य की आवश्यकता पर जोर दिया है। दोनों निर्यातकों ने इस योजना के तहत प्राप्त किसी भी लाभ से इनकार किया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

110. प्राधिकारी नोट करते है कि संयंत्र और मशीनरी के लिए भत्ते से संबंधित दावा घरेलू उद्योग द्वारा सामान्य शब्दों में किया गया है, जिसमें किसी भी लेनदेन-विशिष्ट या कंपनी-विशिष्ट साक्ष्य को रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है ताकि यह सिद्ध किया जा सके कि जांच की अवधि के दौरान प्रतिभागी निर्यातकों ने वास्तव में उक्त योजना का लाभ उठाया है या लाभान्वित हुए हैं।

111. यह भी नोट किया जाता है कि मलेशिया सरकार ने भाग लेने वाले निर्यातकों के संबंध में कथित प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत परिचालन ढांचे, पात्रता शर्तों, अनुदान तंत्र या वास्तविक संवितरण/लाभों को प्रदर्शित करने वाले कोई विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए हैं। निर्यातकों ने अपनी ओर से इस योजना के तहत किसी भी लाभ की प्राप्ति से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है, और इस तरह के खंडन का खंडन करने के लिए कोई विपरीत साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। भाग लेने वाले निर्यातकों द्वारा लाभ की वास्तविक प्राप्ति को प्रमाणित करने वाली सत्यापन योग्य सूचना के अभाव में, प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने में असमर्थ है कि इस योजना के परिणामस्वरूप जांच की अवधि के दौरान भाग लेने वाले निर्यातकों को कोई प्रतिकार योग्य सब्सिडी मिली है। तदनुसार, इस योजना से संबंधित दावे को वर्तमान जांच के उद्देश्य से स्वीकार नहीं किया जाता है

xiv. कार्यक्रम 14: मलेशियाई ब्रांड के संवर्धन के लिए दोहरी कटौती

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

112. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत, घरेलू स्तर पर स्थानीय ब्रांड उत्पादों के विज्ञापन पर किए गए व्यय को दोहरी कटौती की अनुमति दी जाती है, अर्थात कुछ गतिविधियों पर किए गए खर्चों को कर योग्य लाभ के मुकाबले दो बार सेट ऑफ किया जा सकता है। स्थानीय ब्रांड का स्वामित्व मलेशियाई ब्रांड नाम के पंजीकृत मालिक के पास 50% से अधिक होना चाहिए, जिसका स्वामित्व स्थानीय रूप से निगमित कंपनी के पास होना चाहिए जिसमें कम से कम 70% मलेशियाई स्वामित्व और मलेशिया या विदेशों में पंजीकृत हो। कटौती केवल एक आकलन वर्ष में एक कंपनी द्वारा ही दावा की जा सकती है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश अधिनियम, 1986 का संवर्धन

ख) आयकर निर्यात संवर्धन नियमावली, 1986

ग) मलेशिया के अंतर्देशीय राजस्व बोर्ड सार्वजनिक विनियमन संख्या 1/2013

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

113. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि मलेशियाई ब्रांड नाम के सामानों के विज्ञापन में अर्हता प्राप्त विज्ञापनों के लिए व्यय, व्यवसाय से समायोजित आय प्राप्त करने में दोहरी कटौती के लिए पात्र है। आयकर (मलेशियाई ब्रांड नाम के सामानों पर विज्ञापन व्यय के लिए कटौती) नियमावली, 2002 साक्ष्य में दिए गए हैं। आवेदक कंपनियों को फॉर्म भरकर प्रोत्साहन का दावा करने और मलेशियाई ब्रांड के सामानों के विज्ञापन के लिए मलेशिया के भीतर किए गए खर्चों से संबंधित व्यावसायिक रसीदों की प्रतियों के साथ दावों को प्रमाणित करने की आवश्यकता है। मूल सहायक दस्तावेजों को आईआरबी द्वारा ऑडिट उद्देश्यों के लिए कंपनी द्वारा रखा जाना चाहिए। जिस वित्तीय वर्ष (आधार अवधि) में व्यय किया जाता है, उसके लिए वार्षिक कर विवरणी में दावा किया जा सकता है। जांच के तहत कंपनियां कटौती का दावा करने के लिए पात्र होंगी यदि वे मानदंडों को पूरा करती हैं। सहायता कर योग्य आय से कटौती है। कटौती को अग्रणीत जा सकता है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

114. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह कार्यक्रम आयकर (मलेशियाई ब्रांड नाम सामानों पर विज्ञापन व्यय के लिए कटौती) नियमावली 2002 द्वारा शासित है। इस कार्यक्रम के तहत, मलेशियाई ब्रांड के विज्ञापन में किया गया व्यय व्यवसाय आय से दोहरी कटौती के लिए पात्र है। इस दोहरी कटौती के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, कंपनी के पास 70% मलेशियाई इक्विटी होनी चाहिए और ब्रांड नाम निर्यात गुणवत्ता के सामान का होना चाहिए। कार्यक्रम राजस्व फोरगॉन के रूप में वित्तीय योगदान के लिए प्रदान करता है, जो अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह उस उद्यम के लिए उपलब्ध है जो मलेशियाई ब्रांड के विज्ञापन पर खर्च करता है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य होने के लिए नोट किया गया है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

xv. कार्यक्रम 15: पूर्वी तट आर्थिक गलियारे में विनिर्माण से संबंधित सेवा के लिए प्रोत्साहन

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

115. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि पूर्वी तटीय आर्थिक गलियारे में विनिर्माण और विनिर्माण से संबंधित सेवाओं के लिए प्रोत्साहन योजना एक प्रतिकार योग्य सब्सिडी है, क्योंकि इसमें कर प्रोत्साहन, आयकर छूट, स्टाम्प शुल्क छूट और अन्य राजकोषीय रियायतों के रूप में मलेशिया सरकार द्वारा वित्तीय योगदान शामिल है। यह योजना क्षेत्र-विशिष्ट है और ईईसी के भीतर स्थित उद्यमों तक सीमित है, जिससे विशिष्टता का परीक्षण पूरा होता है। इसके अलावा, प्रोत्साहन का उद्देश्य चयनित और कृषि आधारित उत्पादों के विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

116. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि उचित औचित्य के बिना मूल प्रतिसंतुलनकारी शुल्क (सीवीडी) जांच का हिस्सा नहीं रहे कथित सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करना सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपायों पर डब्ल्यूटीओ करार (एएससीएम) के मौलिक सिद्धांतों और साक्ष्य सत्यापन के लिए स्थापित प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है।

117. मलेशिया सरकार का विचार है कि डीजीटीआर को सभी सबूतों का पूरी तरह से सत्यापन करना चाहिए और केवल असमर्थित आरोपों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इससे उचित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच के लिए एएससीएम की मौलिक अपेक्षाओं का उल्लंघन होगा। अनुच्छेद 11.2 के साक्ष्य मानकों को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रमों का जुड़ना जांच प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करता है और स्थापित डब्ल्यूटीओ दायित्वों का उल्लंघन करता है।

118. अनुच्छेद 11.2 के तहत, जांच शुरू करने के लिए एक आवेदन-पत्र में (क) सब्सिडी और, यदि संभव हो, इसकी राशि; (ख) अनुच्छेद 15 के अर्थ के अभिप्राय से क्षति और (ग) सब्सिडी वाले आयात और कथित क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क का साक्ष्य शामिल होगा"। जांच प्राधिकारी इन मूलभूत साक्ष्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा किए बिना नई सब्सिडी कार्यक्रम को जोड़ नहीं सकते हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

119. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के साथ-साथ मलेशिया सरकार और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जांच की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि ईईसी प्रोत्साहन योजना भौगोलिक रूप से सीमित प्रतीत होती है, लेकिन इसके प्रतिकार योग्य प्रकृति का निर्धारण करने के लिए जांच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों के निर्यातकों को एक वित्तीय योगदान, लाभ के प्रदान और विशिष्टता के साथ-साथ एक मात्रात्मक लाभ को सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। प्राधिकारी नोट करते है कि योजना के तहत लाभ की वास्तविक प्राप्ति और प्रयोग का निष्पादन करने या संबद्ध सामानों को किसी कथित लाभ के स्पष्ट संबंध और आवंटन को सिद्ध करने वाली कोई सत्यापित, निर्यातक-विशिष्ट सूचना प्रस्तुत नहीं की गई है। प्राधिकारी यह निष्कर्ष निकालने में असमर्थ है कि इस योजना के परिणामस्वरूप जांच की अवधि के दौरान प्रतिभागी निर्यातकों को कोई प्रतिकार योग्य सब्सिडी मिली है। तदनुसार, इस योजना से संबंधित दावे को वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए स्वीकार नहीं किया जाता है।

xvi. कार्यक्रम 16: आयात शुल्क, बिक्री कर और उत्पाद शुल्क पर वापसी

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

120. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत, भुगतान किए गए आयात शुल्क, बिक्री कर और उत्पाद शुल्क पर वापसी, यदि पुर्जे, कच्ची सामग्री या पैकेजिंग सामग्री का उपयोग अधिनियमों में निर्धारित शर्तों के आधार पर एक वर्ष के भीतर निर्यात के लिए सामानों के निर्माण में किया जाता है, तो एक निर्माता द्वारा दावा किया जा सकता है। कार्यक्रम की मौजूगी के प्रमाण के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) सीमा शुल्क अधिनियम 1967 की धारा 99

ख) बिक्री कर अधिनियम 1972 की धारा 29

ग) उत्पाद शुल्क अधिनियम 1976 की धारा 19

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

121. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि रॉयल मलेशियाई सीमा शुल्क विभाग (आरएमसीडी) द्वारा मामले-दर-मामले के आधार पर प्रशासित ड्रॉबैक कार्यक्रम, उन सामानों पर आयात शुल्क की वापसी के लिए प्रावधान करता है जिन्हें बाद में फिर से निर्यात किया जाता है और सीमा शुल्क अधिनियम, 1967 की धारा 93, 95 और 99 के तहत सत्यापन योग्य आयात और निर्यात दस्तावेज द्वारा समर्थित आवेदन पर सख्ती से काम करता है।

122. मलेशिया सरकार सरकार का यह भी अनुरोध है यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार के अनुबंध I, II और III के तहत अतिरिक्त छूट सिद्धांत को लागू करते हुए अपवादों के अंतर्गत आता है। इस संबंध में, यह सुनिर्धारित है, जिसमें यूरोपीय संघ – पाकिस्तान से कुछ पीईटी पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क में अपीलीय निकाय और डब्ल्यूटीओ पैनल द्वारा निर्णय भी शामिल हैं कि शुल्क वापसी योजनाएं केवल शुल्क उसी सीमा तक प्रतिकार योग्य हैं, जहां तक वास्तव में प्रोद्भूत शुल्क अतिरिक्त दिए गए हैं और केवल जहां उचित साक्ष्य आधार हैं।

123. मलेशिया सरकार और प्रतिभागी निर्यातकों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जांच की अवधि के दौरान कार्यक्रम के तहत कोई लाभ नहीं उठाया गया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

124. ड्रॉबैक कार्यक्रम कथित तौर पर सीमा शुल्क अधिनियम, 1967 की धारा 99, बिक्री कर अधिनियम, 1972 की धारा 29 और उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1976 की धारा 19 के तहत निर्धारित शर्तों के अनुसार, निर्धारित अवधि के भीतर निर्यातित सामान के निर्माण में प्रयुक्त पुर्जों, कच्ची सामग्री या पैकेजिंग सामग्री पर भुगतान किए गए आयात शुल्क, बिक्री कर और उत्पाद शुल्क की वापसी की अनुमति देता है, जिससे कार्यक्रम की मौजूदगी सिद्ध होती है।

125. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि कार्यक्रम का प्रशासन रॉयल मलेशियाई सीमा शुल्क विभाग (आरएमसीडी) द्वारा मामले-दर-मामले के आधार पर किया जाता है और केवल पूर्ण आयात और निर्यात दस्तावेज़ों के जमा और सत्यापन पर संचालित होता है। सैद्धांतिक रूप से, ड्रॉबैक कार्यक्रम केवल तभी प्रतिकार योग्य हो सकता है जब एससीएम करार के अनुबंध I, II और III के संदर्भ में वास्तव में प्रोद्भूत शुल्कों से अधिक छूट हो, और उचित साक्ष्य के अधीन हो। वर्तमान मामले में, दोनों संबद्ध निर्यातकों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्होंने जांच की अवधि के दौरान ड्रॉबैक कार्यक्रम के तहत कोई लाभ नहीं उठाया या प्राप्त नहीं किया, और ऐसे बयानों का खंडन करने के लिए कोई सबूत रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है। तदनुसार, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि कार्यक्रम वर्तमान जांच के उद्देश्य के लिए प्रतिकार योग्य नहीं है।

xvii. कार्यक्रम 17: बिक्री कर छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

126. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कारोबार करने की लागत को कम करने और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए सरकार ने बिक्री कर से छूट दी है। यह कार्यक्रम आरएमसीडी द्वारा अनुमोदित और प्रशासित है और 1.9.2018 में स्थापित किया गया है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस योजना के तहत 100,000 आरएम से कम के वार्षिक बिक्री कारोबार वाले निर्माताओं को लाइसेंस से छूट दी गई है और इस प्रकार उनके उत्पादन पर बिक्री कर का भुगतान करने से छूट दी गई है। हालांकि, ये निर्माता लाइसेंस प्राप्त करने और इसके बजाय अपने इनपुट पर बिक्री कर छूट प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

127. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि बिक्री कर छूट योजना बिक्री कर (कर के भुगतान से छूट प्राप्त व्यक्ति) आदेश, 2018 के तहत निर्दिष्ट व्यक्तियों और निर्माताओं को स्थानीय रूप से निर्मित सामानों के आयात और खरीद पर बिक्री कर के भुगतान से राहत प्रदान करती है। छूटों को तीन अनुसूचियों के तहत संरचित किया गया है: अनुसूची क में निर्धारित मानदंडों और शर्तों को पूरा करने वाले व्यक्तियों की श्रेणियां शामिल हैं; अनुसूची ख में विशिष्ट गैर-कर योग्य सामानों के निर्माताओं को शामिल किया गया है, जो गैर-कर योग्य सामानों के निर्माण में अकेले और सीधे उपयोग की जाने वाली सभी सामानों (पेट्रोलियम को छोड़कर) के अधिग्रहण पर छूट प्रदान करते हैं; और अनुसूची ग में कर योग्य सामानों के पंजीकृत निर्माताओं को शामिल किया गया है, जो कर योग्य सामानों के निर्माण में अकेले और सीधे उपयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री, घटकों और पैकेजिंग सामग्री पर छूट प्रदान करते हैं। कार्यक्रम को रॉयल मलेशियाई सीमा शुल्क विभाग (आरएमसीडी) द्वारा अनुमोदित और प्रशासित किया जाता है और संबंधित कंपनियों द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करने पर पात्रता के साथ आवेदनों के आधार पर संचालित होता है। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच के तहत किसी भी कंपनी ने इस कार्यक्रम के लिए आवेदन नहीं किया, न ही इसका लाभ उठाया और न ही इसे प्राप्त किया।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

128. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के साथ-साथ मलेशिया सरकार और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम का प्रशासन रॉयल मलेशियाई कस्टम विभाग द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम उन व्यक्तियों या निर्माताओं को बिक्री कर के भुगतान से छूट प्रदान करता है जो पात्रता मानदंडों और शर्तों को पूरा करते हैं। यह छूट संयंत्र और मशीनरी के आयात और घरेलू बाजार में स्थानीय रूप से निर्मित सामानों की खरीद पर है। लाभ राजस्व के रूप में है क्योंकि यह निर्यातकों को बिक्री कर की छूट प्रदान करता है जो अन्यथा देय है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ उद्यमों के लिए उपलब्ध है जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य माना जाता है।

129. **शिनयी सोलर:** निर्यातक द्वारा अपने उत्तर में, साथ ही डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि निर्यातक ने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की आवश्यकता है।

130. **एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी:** निर्यातक द्वारा अपने उत्तर में, साथ ही डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि निर्यातक ने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की आवश्यकता है।

xviii. कार्यक्रम 18: आउटसोर्सिंग विनिर्माण गतिविधियों के लिए आयात शुल्क और बिक्री कर से छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

131. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत, व्यवसाय करने की लागत को कम करने और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए, कम से कम 60% मलेशियाई इक्विटी वाले मलेशियाई ब्रांडों को आयात शुल्क और बिक्री कर छूट दी जाती है जो विनिर्माण गतिविधियों को आउटसोर्स करते हैं। स्थानीय/विदेश में उनके संविदात्मक निर्माताओं द्वारा तैयार उत्पादों के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल और घटकों पर आयात शुल्क और बिक्री कर छूट और उनके अनुबंध निर्माताओं से अर्ध-तैयार माल पर आयात शुल्क और बिक्री कर छूट जो उनके स्थानीय अनुबंध निर्माताओं द्वारा तैयार उत्पादों के निर्माण के लिए उपयोग की जाती है।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

132. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि कार्यक्रम आउटसोर्सिंग विनिर्माण गतिविधियों के लिए कच्चे माल, घटकों और/या अपरिष्कृत उत्पादों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। शुल्क छूट के संबंध में एक समिति का गठन किया गया है जिसमें वित्त मंत्रालय, एमआईटीआई, आरएमसीडी, एमआईडीए और आईपीसी के प्रतिनिधियों से युक्त सदस्य शामिल हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी निर्माताओं को योजना से लाभ होगा और अधिकारी विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं। कार्यक्रम में किसी भी परिवर्तन का अनुमान नहीं है।

133. यह भी कहा गया है कि यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार के अनुबंध I, ii और iii के प्रावधानों के अनुरूप है। छूट के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए:

क) आयातित कच्चा माल और घटक जिनका उपयोग शून्य आयात शुल्क के साथ तैयार उत्पादों के निर्माण के लिए किया जाता है।

ख) अर्ध-तैयार उत्पादों को अनुबंध निर्माताओं से विदेशों से आयात किया जाता है और स्थानीय अनुबंध निर्माताओं द्वारा तैयार उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाता है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

134. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम का प्रशासन मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम आउटसोर्सिंग विनिर्माण गतिविधियों के लिए कच्चे माल, घटकों और/या अर्ध-तैयार उत्पादों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। कच्चे माल जो निर्यात किए गए उत्पाद के उत्पादन में उपयोग किए जाते हैं और अर्ध-तैयार माल जो स्थानीय निर्माताओं द्वारा उपयोग के लिए अनुबंध निर्माताओं से आयात किए जाते हैं, इस छूट के लिए योग्य हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य माना जाता है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

xix. कार्यक्रम 19: हिस्से पुर्जो और खपत योग्य वस्तुओं पर आयात शुल्क और बिक्री कर से छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

135. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है किया है कि चूंकि सरकार की नीति है कि विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले हिस्से पुर्जों और खपत योग्य वस्तुओं पर कर नहीं लगाया जाएगा जहां आयात शुल्क शून्य है और स्थानीय रूप से उत्पादन नहीं किया जाता है, जहां आयातित हिस्से पुर्जों और खपत योग्य वस्तुएं कर योग्य हैं लेकिन स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं हैं, वहां कर छूट-राजस्व छोड़ दिया जाता है। आयात शुल्क और बिक्री कर पर छूट दी गई है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में याचिकाकर्ताओं ने एमआईडीए के प्रशुल्क संबंधी प्रोत्साहनों पर भरोसा किया है।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

136. मलेशिया सरकार का कहना है कि कार्यक्रम योग्य निर्माता को हिस्से पुर्जों और खपत योग्य वस्तुओं पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। एमआईडीए निर्माता की स्थिति की पुष्टि करने के लिए एक पत्र जारी करता है। कार्यक्रम में कच्चे माल, घटकों और/ या अर्ध-तैयार उत्पादों पर आउटसोर्सिंग विनिर्माण गतिविधियों के लिए आयात शुल्क छूट का मूल्यांकन शामिल था। शुल्क छूट संबंधी एक समिति गठित की गई है जिसमें वित्त मंत्रालय, एमआईटीआई, आरएमसीडी, एमआईडीए और आईपीसी के प्रतिनिधियों से युक्त सदस्य शामिल हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी निर्माताओं को इस योजना से लाभ होगा और एमआईडीए विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं करता है। कार्यक्रम में किसी भी परिवर्तन का अनुमान नहीं है। इसमें यह भी कहा गया है कि यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार के अनुबंध I, II और III के प्रावधानों के अनुरूप है (सब्सिडी परिभाषा का अपवाद)। इस कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले कानून और विनियम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 में निहित हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

137. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 द्वारा शासित है। यह हिस्से पुर्जो और खपत योग्य सामानों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। कार्यक्रम का प्रशासन मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी (एमआईडीए) द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम राजस्व अग्रिम के रूप में वित्तीय योगदान प्रदान करता है, जो

अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ मानदंडों की पूर्ति के अधीन है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य होने के लिए नोट किया गया है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिए जाते हैं।

xx. कार्यक्रम 20: मशीनरी और उपकरण पर आयात शुल्क और बिक्री कर से छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

138. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि चूंकि सरकार की नीति है कि विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले और स्थानीय रूप से उत्पादित नहीं किए जाने वाले मशीनरी और उपकरणों पर कर नहीं लगाया जाएगा, इसलिए आयातित मशीनरी और उपकरण पर कर छूट-राजस्व का त्याग दिया जाता है, लेकिन स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं है। आयात शुल्क और बिक्री कर पर पूर्ण छूट दी गई है। स्थानीय रूप से खरीदी गई मशीनरी और उपकरणों पर लाइसेंस प्राप्त विनिर्माण भंडार, बाउंडेड भंडार या मुक्त क्षेत्र से बिक्री कर पर पूर्ण छूट दी जाती है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने एमआईडीए के प्रशुल्क संबंधी प्रोत्साहनों पर भरोसा किया है।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

139. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि कार्यक्रम योग्य निर्माता को मशीनरी और उपकरण पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। एमआईडीए निर्माता की स्थिति की पुष्टि करने के लिए एक पत्र जारी करता है। इसके बाद निर्माता छूट का दावा करता है। छूट के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, मशीनरी और उपकरण नए, अप्रयुक्त और अनुमोदित निर्माता के परिसर में तैयार उत्पाद की विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने चाहिए। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी निर्माता इस योजना से लाभान्वित होंगे और एमआईडीए विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं करता है। कार्यक्रम में किसी भी परिवर्तन की उम्मीद नहीं है। उनका यह भी अनुरोध है कि यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार (सब्सिडी परिभाषा का अपवाद) के अनुबंध I, II और III के प्रावधानों के अनुरूप है । इस कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले कानून और विनियम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 में निहित हैं।

140. जांच के तहत कंपनियां पात्रता मानदंडों के अनुरूप थीं जो एमआईडीए के क्षेत्र में हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

141. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम सीमा शुल्क (छूट) आदेश 2017 द्वारा शासित है। यह योग्य निर्माताओं को नए और अप्रयुक्त मशीनरी और उपकरणों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। योग्य निर्माता को मशीनरी और उपकरणों पर आयात शुल्क छूट का मूल्यांकन करने में शामिल है। यह कार्यक्रम मलेशियाई निवेश विकास प्राधिकारी द्वारा प्रशासित किया जाता है।

142. कार्यक्रम राजस्व परित्याग के रूप में वित्तीय योगदान प्रदान करता है, जो अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। यह कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह कुछ उद्यमों तक सीमित है जो विनिर्माण गतिविधि के लिए नई मशीनरी और उपकरण आयात करते हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य नोट किया जाता है।

143. **शिनयी सोलर:** इसने कार्यक्रम के तहत लाभ नहीं उठाया है। प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि इस कार्यक्रम के लिए शिनयी सोलर पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

144. **एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी**: निर्यातक द्वारा अपनी प्रतिक्रिया में, साथ ही डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि निर्यातक ने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की आवश्यकता है।

xxi. कार्यक्रम 21: कच्ची सामग्री/घटकों पर आयात शुल्क से छूट

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

145. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत, कच्चे माल/घटकों पर आयात शुल्क से पूर्ण छूट आम तौर पर दी जाती है, बशर्ते कि कच्चे माल/घटक स्थानीय रूप से उत्पादित न हों या यदि स्थानीय रूप से उत्पादित हों, तो वे स्वीकार्य गुणवत्ता और कीमत के न हों। यह इस बात की परवाह किए बिना है कि तैयार

उत्पाद निर्यात या घरेलू बाजार के लिए हैं या नहीं। पात्रता यह है कि कंपनियां विनिर्माण गतिविधियों में शामिल होनी चाहिए।

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

146. मलेशिया सरकार ने उल्लेख किया है कि इस कार्यक्रम को नियंत्रित करने वाले कानून और विनियम सीमा शुल्क अधिनियम 1967 की धारा 14(2) में निहित हैं। यह योग्य निर्माता को कच्चे माल और घटकों पर आयात शुल्क छूट प्रदान करता है। शुल्क छूट संबंधी एक समिति गठित की गई है जिसमें वित्त मंत्रालय, एमआईटीआई, आरएमसीडी और एमआईडीए के प्रतिनिधियों से बने सदस्य शामिल हैं। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी निर्माताओं को इस योजना से लाभ होगा और एमआईडीए विवेकाधिकार का प्रयोग नहीं करता है। यह भी उल्लेख किया गया है कि यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नहीं है क्योंकि यह एससीएम करार (सब्सिडी परिभाषा का अपवाद) के अनुबंध I, II और III के प्रावधानों के अनुरूप हैं। जांचाधीन कंपनियां पात्रता मानदंडों के अनुरूप थीं जो एमआईडीए के क्षेत्र में हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

147. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम सीमा शुल्क अधिनियम 1967 की धारा 14(2) द्वारा शासित है। इस कार्यक्रम में उस कच्ची सामग्री/संघटक पर योग्य विनिर्माता को आयात शुल्क छूट दी जाती है जो स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं हैं। कार्यक्रम राजस्व फोरगॉन के रूप में वित्तीय योगदान प्रदान करता है, जो अन्यथा देय है और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह एक उद्यम तक सीमित है जो कच्चे माल का उपयोग करता है जो स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य के रूप में नोट किया गया है। हालांकि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

xxii. कार्यक्रम 22: निर्यात के संवर्धन के लिए दोहरी कटौती

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

148. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के कर कटौती उन खर्चों के लिए निर्यातकों को दी जाती है, जिनका उद्देश्य निर्यातों का संवर्धन करना और विदेशों में सामान की आपूर्ति करना, सेवाओं के निर्यात के संवर्धन के लिए मलेशिया से किसी मीडिया में प्रचार और विज्ञापन करना, सेवाओं के संवर्धन के प्रयोजन के लिए विदेश में कार्यालय के रखरखाव की लागत पर खर्च करना है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप मे, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

- निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986 की धारा 41
- आयकर निर्यात संवर्धन नियमावली 1986
- डब्ल्यूटी/टीपीआर/एस/292
- डब्ल्यूटीओ-अधिसूचना-जी/एससीएम/एन/3/एमवाईएस-1995
- मलेशिया से यूएस कार्बन स्टील वायर रॉड

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

149. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि यह कार्यक्रम जिसका प्रावधान नियमावली 1986 के नियम 4(2) के साथ पठित निवेश संवर्धन अधिनियम (पीआईए), 1986 (अधिनियम 327) की धारा 41 में किया गया है, अवसर लेने के उद्देश्य से प्राथमिक रूप से और प्रमुख रूप से आधार अवधि में किए गए खर्चों के संबंध में सभी आवासी ट्रेडिंग, विनिर्माण या कृषि कंपनियों के लिए या मलेशियाई विनिर्मित सामानों या कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए मांग सृजित करने या बढ़ाने पर किए गए खर्चों के लिए लागू है। कार्यक्रम में कोई अनुमानित परिवर्तन नहीं है। कटौती अग्रेणीत की जा सकती है।

150. यह भी अनुरोध किया गया है कि आवेदक कंपनियों को फॉर्म भरकर प्रोत्साहन के लिए दावा करना होगा और विज्ञापन, यात्रा और संबंधित निर्यात प्रचार व्यय के लिए विदेशों में किए गए खर्चों से संबंधित व्यावसायिक रसीदों की प्रतियों के साथ दावों को प्रमाणित करना होगा। मूल सहायक दस्तावेजों को आईआरबी द्वारा ऑडिट उद्देश्यों के लिए कंपनी द्वारा रखा जाना चाहिए।

151. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेने के मामले में, कंपनियों को मैट्रेड से अनुमोदन पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

152. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम निवेश संवर्धन अधिनियम (पीआईए) 1986 (अधिनियम 327) की धारा 41 और आयकर (निर्यात संवर्धन) नियमावली 1986 के नियम 4(2) द्वारा शासित है। इस कार्यक्रम के तहत निर्यात को बढ़ावा देने के लिए किए गए खर्चों के लिए विनिर्माण, व्यापार और कृषि गतिविधियों में शामिल उद्यम को आय से दोहरी कटौती उपलब्ध है। निर्यात की बढ़ती मांग के लिए किसी कंपनी द्वारा किए गए खर्चों को दोहरी कटौती के लिए अनुमति दी जाती है।

153. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि इस कार्यक्रम में राजस्व परित्याग के रूप में वित्तीय अंशदान का प्रावधान है, जो अन्यथा देय है, और इस प्रकार लाभ प्रदान किया जाता है। इसका लाभ दोहरी कटौती के बाद भुगतान की गई आयकर की राशि और ऐसी दोहरी कटौती के अभाव में देय आयकर की राशि के बीच का अंतर है। यह कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह निर्यात निष्पादन पर निर्भर है और निर्यात संवर्धन गतिविधि में लगे उद्यम तक ही सीमित है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य माना जाता है। हालाँकि, इस कार्यक्रम के तहत सहयोगी निर्यातकों द्वारा लाभ नहीं उठाया जाता है।

xxiii. कार्यक्रम 23: निर्यात कार्गो को बढ़ावा देने के लिए दोहरी कटौती

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

154. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम के तहत एक निर्यातक निर्यात कार्गो पर प्रीमियम बीमा के लिए कर योग्य आय से कटौती कर सकता है और कर बीमा के लिए क्षेत्रीय कर कटौती कर सकता है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश संवर्धन अधिनियम, 1986

ख) आयकर निर्यात संवर्धन नियमावली 1986

ग) कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन

घ) प्राधिकारी के अन्य जांच परिणाम

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

155. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि मलेशिया से निर्यात किए गए माल के बीमा पर प्रीमियम लेने वाले व्यक्ति को दोहरी कटौती की अनुमति है, बशर्ते कि जोखिमों का बीमा मलेशिया में निगमित बीमा कंपनी के साथ किया गया हो। भुगतान किया गया प्रीमियम आयकर अधिनियम 1967 की धारा 33 के अनुसार होना चाहिए। सहायता कर योग्य आय से कटौती है। कटौती को अग्रणीत किया जा सकता है।

156. इस कार्यक्रम को 2016 से रद्द कर दिया गया है। आयकर (निर्यातकों के लिए बीमा प्रीमियम की कटौती) (निरसन) नियमावली 2012 को प्रमाण के रूप में दिया गया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

157. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम आयकर (निर्यातकों के लिए बीमा प्रीमियम की कटौती) नियमावली 1995 द्वारा शासित था और आयकर (निर्यातकों के लिए बीमा प्रीमियम की कटौती) (निरसन) नियमावली 2012 को 2016 से हटा दिया गया है।

xxiv. कार्यक्रम सं. 24: बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता

क. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

158. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि यह कार्यक्रम आयकर अधिनियम 1967 की धारा 154(1) और आयकर (बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता) नियमावली, 1999 के नियम 3 और आयकर (बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता) संशोधन नियमावली 2003 के तहत कंपनियों को प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन का रूप है। कोई निर्यातक बढ़े

हुए निर्यात के लिए कर योग्य आय से 70% कर कटौती का लाभ ले सकता है। साथ ही, यदि उक्त भत्ते का उपयोग अर्जित वर्ष के दौरान नहीं किया जाता है तो इसे अगले मूल्यांकन वर्ष में अग्रेणीत किया जा सकता है। कार्यक्रम की मौजूदगी के साक्ष्य के रूप में, याचिकाकर्ताओं ने निम्नलिखित पर भरोसा किया है:

क) निवेश संवधर्न अधिनियम, 1986

ख) आयकर अधिनियम 1967

ग) सीमा शुल्क अधिनियम 1967

घ) बिक्री कर अधिनियम 1972

ड.) उत्पाद शुल्क अधिनियम 1976

च) मुक्त व्यापार क्षेत्र अधिनियम 1990

ख. मलेशिया सरकार /अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

159. मलेशिया सरकार ने अनुरोध किया है कि एक आवासी विनिर्माण कंपनी या कृषि कंपनी जो निर्मित उत्पादों या कृषि उत्पादों का निर्यात करती है, उसे निर्यात में वृद्धि के लिए भत्ता दिया जाना होता है। यह सहायता कर योग्य आय से छूट है। यह भत्ता अग्रेणीत किया जा सकता है। कार्यक्रम में कोई अनुमानित परिवर्तन नहीं है। आयकर (बढ़े हुए निर्यात के लिए भत्ता) नियमावली 1999 साक्ष्य के रूप में दी गई है। नियमावली में निम्नलिखित परिभाषाएँ निहित हैं:

क. कृषि उपज का अर्थ है ताजे और सूखे फल, ताजे और सूखे फूल, सजावटी पौधे और सजावटी मछली, जमे हुए कच्चे झींगे या झींगा, जमे हुए पके और छिले हुए झींगे और जमे हुए कच्चे मवेशी, मछली और स्क्विड;

ख. निर्यात का अर्थ सीधे निर्यात से है जिसमें मुक्त औद्योगिक क्षेत्रों और लाइसेंस प्राप्त विनिर्माण गोदामों को बिक्री शामिल नहीं है;

ग. मूल्य वर्धित का अर्थ है कच्चे माल की कुल लागत से कम कारखानागत कीमत पर सामानों की बिक्री कीमत; और

घ. बढ़े हुए निर्यात का मूल्य अर्थ आधार अवधि में निर्यात किए गए उत्पादों के फ्री-ऑन-बोर्ड (एफओबी) मूल्य और तुरंत पहले की अवधि के मूल्य के बीच का अंतर है। एफओबी मूल्य में माल भाड़ा शुल्क और बीमा लागत शामिल नहीं होगी।

160. भत्ते का निर्धारण निम्नानुसार किया जाता है:

क. निर्मित उत्पाद

- कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों के मूल्य का 10% जहां निर्यातित उत्पादों ने कम से कम 30% का मूल्य वर्धन प्राप्त किया;
- कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों के मूल्य का 15% जहां निर्यातित उत्पादों ने कम से कम 50% मूल्य वर्धन प्राप्त किया।

ख. कृषि उत्पाद

- कंपनी द्वारा कृषि उत्पादों के बढ़े हुए निर्यातों के मूल्य का 10%

161. कंपनी की सांविधिक व्यापार आय के सत्तर प्रतिशत के लिए भत्ता दिया जाएगा। सेट ऑफ न किए गए किसी भी निर्यात भत्ते को भावी वर्षों में सांविधिक आय के सत्तर प्रतिशत के लिए सेट ऑफ होने हेतु अग्रेणीत किया जाएगा।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

162. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के साथ-साथ मलेशिया सरकार और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि एक आवासी विनिर्माण कंपनी या कृषि कंपनी जो निर्मित उत्पादों या कृषि उत्पादों का निर्यात करती है, उसे निर्यात में वृद्धि के लिए भत्ता दिया जाना होता है। भत्ता कंपनी द्वारा निर्मित उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के मूल्य के 10% या 15% के बराबर है। सांविधिक व्यवसाय आय के 70% के लिए भत्ता दिया जाएगा।

163. प्राधिकारी ने यह भी नोट किया कि इस कार्यक्रम में उस राजस्व परित्याग के रूप में वित्तीय योगदान का प्रावधान है, जो अन्यथा देय है। कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह निर्यात निष्पादन पर निर्भर है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार होने के रूप में नोट किया गया है। हालांकि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ सहयोगी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

xxv. कार्यक्रम 25: मुक्त व्यापार क्षेत्रों में निर्यातकों के लिए कर छूट

ख. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

164. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि मलेशिया 17 मुक्त वाणिज्यिक क्षेत्रों और 18 मुक्त औद्योगिक क्षेत्रों से युक्त एक व्यापक मुक्त क्षेत्र व्यवस्था संचालित करता है, जो स्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण राजकोषीय रियायतें प्रदान करके निर्यातोन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। मुक्त क्षेत्र अधिनियम, 1990 की धारा 4 के तहत, किसी भी विवरण की वस्तुओं और सेवाओं (जब तक कि विशेष रूप से निषिद्ध न हो) को सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, बिक्री कर या सेवा कर के भुगतान के बिना एक मुक्त क्षेत्र के भीतर लाया, उत्पादित, निर्मित या प्रदान किया जा सकता है। ये सांविधिक छूटें सरकार द्वारा परित्यक्त राजस्व के रूप में प्रत्यक्ष वित्तीय अंशदान हैं जो अन्यथा देय हो, जिससे ऐसे क्षेत्रों के भीतर काम करने वाले उद्यमों को लाभ होगा।

165. यह भी उल्लेख किया गया है कि पोर्ट क्लैंग जैसे प्रमुख केंद्रों सहित मुक्त वाणिज्यिक क्षेत्र, कंपनियों को अप्रत्यक्ष करों से मुक्त कच्चे माल, घटकों, उपकरणों और मशीनरी का आयात करने की अनुमति देते हैं, जिससे इनपुट लागत काफी कम हो जाती है और इन क्षेत्रों में स्थित निर्यातोन्मुख उत्पादकों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ जाती है। मुक्त क्षेत्रों के भीतर कर-मुक्त आयात और उत्पादन तक पहुंच, मुक्त क्षेत्र अधिनियम के तहत स्थान और अनुमोदन पर निर्भर है, जो इन निर्दिष्ट क्षेत्रों के भीतर काम करने वाले उद्यमों के लिए वास्तविक विशिष्टता को दर्शाता है। तदनुसार, घरेलू उद्योग का तर्क है कि मुक्त क्षेत्र व्यवस्था एससीएम करार के अभिप्राय से एक सब्सिडी है, क्योंकि इसमें सरकार के राजस्व का परित्याग शामिल है, एक मापनीय लाभ प्रदान करता है, और मुक्त वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले उद्यमों के एक परिभाषित समूह तक सीमित है।

ख. मलेशिया सरकार/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

166. मलेशिया सरकार ने विस्तृत क्षेत्रीय प्रोत्साहन कार्यक्रम दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं बल्कि साक्ष्य के लिए एएससीएम अपेक्षाओं और किसी भी अतिरिक्त सब्सिडी कार्यक्रमों को शामिल करने से पहले उचित औचित्य की आवश्यकता पर जोर दिया है। निर्यातकों ने इस योजना के तहत प्राप्त किसी भी लाभ से इनकार कर दिया है।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

167. प्राधिकारी ने मलेशिया सरकार और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कथित सब्सिडी कार्यक्रमों की मौजूदगी, प्रकृति और मात्रा निर्धारण के संबंध में किए गए अनुरोधों की जांच की है, जिसमें राजकोषीय प्रोत्साहन और कर संबंधी उपाय शामिल हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये अनुरोध अन्य बातों के साथ-सा इस आधार पर मोटे तौर पर कथित कार्यक्रम के प्रतिकार योग्य विशेषता का विरोध करते हैं कि ये उपाय किसी वित्तीय योगदान में शामिल नहीं है या कोई मापनीय लाभ प्रदान नहीं करते है, लागू कानूनी ढांचे के अर्थ के भीतर विशिष्ट नहीं है, और किसी भी मामले में, जांच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों का सब्सिडीकरण नहीं होता है।

168. प्राधिकारी यह पाते हैं कि मलेशिया सरकार ने इस कार्यक्रम पर विशिष्ट विवरण नहीं दिया है और एएससीएम के अनुच्छेद 11.2 के तहत प्रस्तुत किए जा रहे पर्याप्त साक्ष्य के बिना इसकी जांच में प्रक्रियात्मक आधारों पर आपत्ति की है। दोनों निर्यातकों ने इस योजना के तहत कोई लाभ लेने से इनकार किया है।

169. प्राधिकारी ने रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना को नोट किया है और वे यह पाते हैं कि इस कार्यक्रम में उस परित्यक्त राजस्व के रूप में वित्तीय अंशदान का प्रावधान है, जो अन्यथा देय है। यह कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह

निर्यात निष्पादन पर निर्भर है। अत:, यह कार्यक्रम प्रतिकार योग्य नोट किया जाता है। तथापि, इस कार्यक्रम के तहत लाभ प्रतिभागी निर्यातकों द्वारा नहीं लिया जाता है।

i. कार्यक्रम 26: लाइसेंस विनिर्माण भंडारगृह

170. इस कार्यक्रम का खुलासा निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तर तथा मलेशिया सरकार के पूरक उत्तर के माध्यम से हुआ था। याचिकाकर्ता ने इस योजना के संबंध में कोई अनुरोध किया है। मलेशिया सरकार ने कार्यक्रम के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए हैं।

ग. प्राधिकारी द्वारा जांच

171. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कार्यक्रम का संचालन रॉयल मलेशियाई सीमा शुल्क विभाग द्वारा किया जाता है। यह कार्यक्रम सीमा शुल्क अधिनियम, 1967 की धारा 65 और धारा 65क द्वारा शासित है।

172. प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस कार्यक्रम के तहत अनुमोदित उत्पादों के विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले सभी कच्चे माल/घटकों को सीमा शुल्क और बिक्री कर से छूट दी जाती है। सहयोगी निर्यातक और मलेशिया सरकार के उत्तरों से यह नोट किया जाता है कि इस कार्यक्रम के तहत केवल अनुमोदित अंतिम उत्पादों की प्रत्यक्ष विनिर्माण प्रक्रिया के लिए आवश्यक मशीनरी और उपकरण ही सीमा शुल्क और बिक्री कर से छूट के लिए पात्र हैं। इसके अलावा, एलएमडब्ल्यू में विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग की जाने वाली मशीनरी/उपकरण को आयात शुल्क/बिक्री कर से छूट दी गई है।

173. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह कार्यक्रम अनुमोदित उत्पादों के विनिर्माण प्रक्रिया में सीधे उपयोग किए जाने वाले सभी कच्चे माल/घटकों पर सीमा शुल्क और बिक्री कर की छूट प्रदान करता है। सब्सिडी कार्यक्रम विशिष्ट भी है क्योंकि यह उत्पाद/उद्यम पर निर्भर है। ज़िनयी सोलर (मलेशिया) एसडीएन बीएचडी ने इस कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। इसलिए, इस कार्यक्रम को प्रतिकार योग्य होना नोट किया जाता है।

174. **शिनयी सोलर**: निर्यातक द्वारा अपने उत्तर में, साथ ही डेस्क सत्यापन के दौरान प्रस्तुत की गई सूचना और दस्तावेज दर्शाते हैं कि निर्यातक ने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त किया है। तदनुसार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस सब्सिडी कार्यक्रम के विरुद्ध प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की आवश्यकता है।

175. **एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी:** इसने कार्यक्रम के तहत लाभ प्राप्त नहीं किया है। प्राधिकारी निर्धारित करते हैं कि प्रतिसंतुलनकारी शुल्क इस कार्यक्रम के विरुद्ध निर्यातक पर नहीं लगाए जाने चाहिएं।

च.3.8 सब्सिडी मार्जिन

176. वर्तमान जांच में निर्धारित सब्सिडी मार्जिन इस प्रकार है:

<u>सब्सिडी मार्जिन: शिनयी सोलर</u>

कार्यक्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	संक्षिप्त विवरण	सब्सिडी मार्जिन	रेंज %	सब्सिडी की प्रकृति
कार्यक्रम सं. 4	निवेश कर भत्ता	पूंजीगत व्यय पर 100% छूट। फरवरी 2015 से दस (10) वर्षों की अवधि के भीतर उत्पादन सुविधाओं पर किया गया कुल निवेश लागत वर्ष 2015 से संचित आईटीए का पूरी तरह से उपयोग होने तक अर्जित कर योग्य लाभ को ऑफसेट करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
कार्यक्रम सं. 17	बिक्री कर छूट	कर योग्य वस्तुओं के विनिर्माण में पूर्णत: और प्रत्यक्ष रूप से उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल, घटकों और पैकेजिंग सामग्री के अधिग्रहण पर विशिष्ट व्यक्ति के लिए बिक्री कर के भुगतान से छूट	***	0-10	कर प्रोत्साहन/परित्यक्त राजस्व

कार्यक्रम सं. 26	लाइसेंस विनिर्माण गोदाम	अनुमोदित उत्पादों की विनिर्माण प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से प्रयुक्त पूरी कच्ची सामग्री/संघटकों के लिए सीमा शुल्क और बिक्री कर से छूट, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि परिष्कृत उत्पादों तक निर्यातों के लिए हैं या स्थानीय बाजार के लिए हैं।	***	0-10	कर प्रोत्साहन/परित्यक्त राजस्व
		कुल		0-10	

सब्सिडी मार्जिन : एसबीएच किबिंग एसडीएन बीएचडी

कार्यक्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	संक्षिप्त विवरण	सब्सिडी मार्जिन	रेंज %	सब्सिडी की प्रकृति
कार्यक्रम सं. 1	प्राकृतिक गैस में सब्सिडी	सरकारी विनियमित कीमतों पर प्राकृतिक गैस की उपलब्धता	***	0-10	एलटीआर
कार्यक्रम सं. 4	निवेश कर भत्ता	पूंजीगत व्यय पर 100% छूट। फरवरी 2015 से दस (10) वर्षों की अवधि के भीतर उत्पादन सुविधाओं पर किया गया कुल निवेश खर्च वर्ष 2015 से संचित आईटीए का पूरी तरह से उपयोग होने तक अर्जित कर योग्य लाभ को ऑफसेट करने के लिए किया जा सकता है।	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
कार्यक्रम सं. 17	बिक्री कर छूट	कर योग्य वस्तुओं के विनिर्माण में केवल और प्रत्यक्ष रूप से उपयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री, घटकों और पैकेजिंग सामग्री के अधिग्रहण पर विशिष्ट व्यक्ति के लिए बिक्री कर के भुगतान से छूट	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
कार्यक्रम सं. 20	संयंत्र और मशीनरी पर बिक्री कर छूट	कच्चे माल/घटक पर योग्य निर्माता को आयात शुल्क छूट जो स्थानीय रूप से उपलब्ध नहीं है	***	0-10	कर प्रोत्साहन/ परित्यक्त राजस्व
		कुल		0-10	

भाग-III

छ. क्षति और कारणात्मक संपर्क

छ.1 घरेलू उद्योग की ओर से किए गए अनुरोध

177. घरेलू उद्योग ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के मुद्दे पर निम्नानुसार अनुरोध किए हैं:

क. घरेलू उद्योग और अन्य उत्पादकों की उपस्थिति के बावजूद, आयात पूरे बाजार पर हावी रहा है। जांच की अवधि के दौरान बाजार हिस्सेदारी का संबद्ध देश से आयात काफी बना रहा।

ख. सब्सिडी वाले आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को कम कर रहे हैं जो जांच की अवधि के दौरान काफी सकारात्मक हैं।

ग. संबद्ध आयात ने लगातार घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव डाला है क्योंकि वे पूरी क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम कीमत पर थी।

घ. जांच की अवधि में, संबद्ध सामानों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत से कम था। यह स्पष्ट रूप से घरेलू उद्योग पर कीमत दबाव को दर्शाता है।

ड. सब्सिडी वाले आयात का घरेलू उद्योग की कीमतों पर न्यूनीकरण प्रभाव पड़ा है।

च. भारतीय मांग के पर्याप्त हिस्से को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद, मांग में घरेलू उद्योग की हिस्सेदारी बहुत कम है।

छ. सब्सिडी वाले आयात के निरंतर दबाव के कारण, घरेलू उद्योग अपने उत्पादन का पर्याप्त रूप से निपटान करने में सक्षम नहीं रहा है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को सामानों का ढेर लगने से बचने के लिए अपनी मालसूची का निपटान करने के लिए निर्यात करने के लिए मजबूर किया गया था।

ज. जांच की अवधि में, घरेलू उद्योग को भारी नकदी नुकसान और नकारात्मक आय हुई है।

झ. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि जांच की अवधि के बाद मलेशिया से आयात में काफी वृद्धि हुई है।

ञ. पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने और मात्रा बढ़ाने की काफी आवश्यकता है, ताकि घरेलू उद्योग की चीन और वियतनाम से शुल्कों के बाद सुरक्षा की जा सके। पर्याप्त संरक्षण के बिना, चीन से आयात मलेशिया से स्थानांतरित हो जाएगा, क्योंकि मलेशिया में उत्पादक चीनी उत्पादकों अर्थात् शिनयी और किर्बिंग से 100% संबद्ध कंपनियां हैं।

ट. घरेलू उद्योग इस बात पर जोर देता है कि क्षति के मापदंडों का विश्लेषण अलग-थलग नहीं किया जा सकता है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि वर्तमान मामले में कीमत कटौती और कीमत ह्रास दोनों हैं। घरेलू उद्योग इस बात पर प्रकाश डालता है कि सभी संगत आर्थिक कारकों का सामूहिक रूप से मूल्यांकन किया जाना चाहिए, भले ही उनमें से सभी क्षति का संकेत न दें।

ठ. घरेलू उद्योग ने भी क्षति के सांख्यिकीय साक्ष्य प्रदान किए और अनुरोध किया कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए संस्थापित क्षमता में वृद्धि को क्षति की अनुपस्थिति के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए, जैसा कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दावा किया गया है। उन्होंने यह भी उजागर किया है कि अधिक उत्पादन, बिक्री और मांग के बावजूद मालसूची में भारी वृद्धि हुई है, जो संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के क्षतिकारक प्रभाव को दर्शाता है।

ड. यह भी अनुरोध किया गया है कि रिकॉर्ड में उपलब्ध सत्यापित आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू उद्योग को भारी क्षति हो रही है क्योंकि हानियां, निवेश पर नकारात्मक आय, बढ़ी हुई मालसूची और बिक्री प्राप्ति में गिरावट करती हुई कम हुआ क्षमता उपयोग तथा हानियां बिगड़ता हुआ वित्तीय निष्पादन और घटता बाजार हिस्सा है।

ढ. मांग और आपूर्ति के अंतराल के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि भारतीय उत्पादक भारतीय मांग के पर्याप्त हिस्से को पूरा कर सकते हैं, लेकिन सब्सिडी वाले आयात के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। यह भी अनुरोध किया गया है कि अतिरिक्त मॉड्यूल विनिर्माण क्षमताओं के बावजूद, लगातार पाटन/सब्सिडी के कारण अलाभकारी कीमतों की वजह से घरेलू कांच उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है।

ण. गुणवत्ता दावों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि उसके सामानों की गुणवत्ता आयातित सामानों के बराबर है। यह भी अनुरोध किया गया है कि कुछ पक्षकारों द्वारा घटिया गुणवत्ता में वास्तविक साक्ष्य का साक्ष्य का अभाव है, क्योंकि अंतिम उत्पादों पर कोई सहायक आंकड़ों या प्रभाव प्रदान नहीं किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए विशिष्ट मुद्दों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कुछ अपवादों को छोड़कर, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए अधिकतर मुद्दे उत्पाद से संबंधित नहीं हैं। यह भी अनुरोध किया गया है कि "ग्लास-टू-बैक शीट" से "ग्लास-टू-ग्लास" में परिवर्तन, प्रौद्योगिकी ने मांग में वृद्धि की है और गुणवत्ता संबंधी चिंताओं से असंबद्ध है। इसके अतिरिक्त, पेस्टिंग, लैमिनेशन के दौरान ब्लास्टिंग, चिपकने की विफलता से संबंधित मुद्दों को कांच की गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने यह दिखाने के लिए कोई सबूत

नहीं दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों का उपयोग करने के कारण उनके प्रयोक्ताओं द्वारा गुणवत्ता सूचकांक में उनके मॉड्यूल को कम कर दिया गया था।

छ.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों की ओर से किए गए अनुरोध

178. विरोधी पक्षकारों ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. जांच की अवधि के दौरान घरेलू उत्पादन की मात्रा में लगातार वृद्धि हुई, जिससे यह दावा गलत साबित हो गया कि आयात ने उत्पादन का न्यूनीकरण किया है। यह वृद्धि दर्शाती है कि घरेलू उद्योग आयात से कथित क्षति के बावजूद उत्पादन बढ़ाने में कामयाब रहा, जिससे पता चलता है कि आयात ने उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बाधित नहीं किया।

ख. आयात के कारण होने वाली क्षति को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है क्योंकि यह कच्चे माल की कीमत में अस्थिरता, वैश्विक मुद्रास्फीति और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान जैसे महत्वपूर्ण बाहरी कारकों पर विचार करने में विफल रहता है। इन कारकों ने स्वतंत्र रूप से घरेलू उद्योग के वित्तीय स्थिति पर प्रभाव डाला।

ग. घरेलू उद्योग की हानियां क्षमता के अति-विस्तार जैसे निर्णयों से होती है, जिससे उनके वित्तीय संसाधनों पर दबाव पड़ा। इस विस्तार के परिणामस्वरूप उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत हुई, जिससे परिचालन अक्षमताएँ बढ़ गईं। इन स्व-प्रभावित मुद्दों को आयात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

घ. घरेलू उद्योग के क्षति के दावे मुख्य रूप से मलेशियाई आयात से कथित प्रतिकूल कीमत प्रभावों पर निर्भर करते हैं। तथापि, कुल मांग में मलेशिया की हिस्सेदारी में तेजी से गिरावट आई है जिससे वास्तविक क्षति के दावों को अविश्वसनीय बना दिया गया है।

ड. भारत में मांग तेजी से बढ़ी है और नए घरेलू उत्पादकों ने बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जबकि घरेलू उद्योग उच्च क्षमता उपयोग पर काम करने के बावजूद ऐसा करने में विफल रहा है।

च. घरेलू उद्योग ने सब्सिडी या क्षति के जारी रहने या बार-बार होने की संभावना सिद्ध करने वाला कोई विश्लेषण भी प्रस्तुत नहीं किया है, जिससे निर्णायक समीक्षा की मूलभूत आवश्यकता विफल हो गई है।

छ. हितबद्ध पक्षकारों ने उन्नत सौर मॉड्यूल के लिए वैश्विक मानकों द्वारा आवश्यक सख्त विनिर्देशों को पूरा करने में घरेलू उत्पादकों की असमर्थता के बारे में चिंताओं को उजागर किया है।

ज. यह कि घरेलू उद्योग सब्सिडीरोधी नियमावली के अनुबंध-I के तहत अपेक्षानुसार वास्तविक क्षति का पर्याप्त साक्ष्य प्रदान नहीं करता।। इसके अतिरिक्त, इसमें प्रमुख आर्थिक मापदंडों जैसे उत्पादन, बिक्री, लाभ, क्षमता उपयोग, नकदी प्रवाह और निवेश पर आय का विश्लेषण नहीं है, और इसके बजाय व्यापक असमर्थित आरोपों पर निर्भर करता है। वस्तुनिष्ठ आंकड़ों द्वारा समर्थित घरेलू उद्योग के निष्पादन में गिरावट दर्शाए बिना, जांच की शुरूआत का औचित्य बनाने के लिए कानूनी शुरुआत पूरी नहीं की गई है।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

179. इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर विचार करते हुए, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से सब्सिडी वाले आयात के कारण घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की जांच की है।

180. सब्सिडी नियमावली का नियम 13 क्षति के निर्धारण को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों से संबंधित है जिसमें निम्नलिखित प्रावधान है:

13. क्षति का निर्धारण-

(1) विनिर्दिष्ट देशों से आयातों के मामले में निर्दिष्ट प्राधिकारी अगला जांच परिणाम देंगे कि भारत में ऐसे आयात के कारण भारत में स्थापित किसी उद्योग को वास्तविक क्षति होती है अथवा क्षति का खतरा होता है अथवा भारत में किसी उद्योग की स्थापना को वास्तविक मंदी होती है ।

(2) सिवाय इसके कि जब क्षति का जांच परिणाम उप नियम (3) के तहत किया जाता है तो निर्दिष्ट प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ नियमावली के अनुबंध-1 में निर्धारित सिद्धांत को ध्यान में

रखते हुए किसी उद्योग की स्थापना को क्षति, क्षति का खतरा, वास्तविक मंदी और सब्सिडीयुक्त आयात तथा क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क निर्धारित करेंगे।

(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी वहां भी क्षति की मौजूदगी के संबंध में जांच परिणाम दे सकते हैं जहां घरेलू उद्योग का काफी भाग क्षतिग्रस्त नहीं है यदि-

(i) यदि अलग-थलग बाजार में सब्सिडीयुक्त आयातों का संकेन्द्रण है, और

(ii) सब्सिडी आयातों से उस बाजार के अंतर्गत लगभग पूरे उत्पादन के उत्पादकों को क्षति हो रही है।

181. गुणवत्ता के मुद्दों के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग द्वारा विशिष्ट गुणवत्ता विनिर्देशों को प्राप्त करने में तकनीकी कठिनाई से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य प्रदान नहीं किया है।

182. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रति-तर्कों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा किए गए क्षति विश्लेषण से हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोध यहां नीचे हल हो जाते हैं।

सब्सिडीकृत आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. मांग/स्पष्ट खपत का मूल्यांकन

183. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए भारत में संबंधित उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार आकलित मांग नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
मलेशिया से आयात	एमटी	91,949	81,937	-	18,916
अन्य देशों से आयात	एमटी	1,06,487	3,13,588	8,52,440	7,01,564
कुल आयात	एमटी	1,98,436	3,95,524	8,52,440	7,20,480
कुल आयातों में आयात का हिस्सा %					
मलेशिया से आयात	%	46.34%	20.72%	0.00%	2.63%
अन्य देशों से आयात	%	53.66%	79.28%	100.00%	97.37%
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	99	240	404
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	-	-	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध			100	386
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	169	380	402

184. उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि क्षति की अवधि के दौरान भारत में संबद्ध सामानों की मांग में काफी वृद्धि हुई है।

185. यह भी नोट किया गया है कि क्षति की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों के आयात में निरपेक्ष मूल्य में सापेक्षिक संदर्भ में दोनों में गिरावट आई है।

ख. मलेशिया से आयात की मात्रा और बाजार हिस्सा

186. प्राधिकारी घरेलू उद्योग के अनुरोधों को दर्ज करते हैं कि मलेशिया से आयात उस अवधि के दौरान बढ़ गया जब चीन के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क लागू थे, अर्थात अगस्त 2017 से अगस्त 2022 तक, जो स्पष्ट रूप से मलेशिया में

100% संबद्ध कंपनियों के माध्यम से काम करने वाले चीन के उत्पादकों द्वारा व्यापार के विचलन को दर्शाता है। चीन के विरुद्ध शुल्क निरस्त करने और चीन के स्वामित्व वाली कंपनियों द्वारा 100% निवेश वाली वियतनामी कंपनी से उत्पादन और निर्यात शुरू होने के बाद मलेशिया से आयात शून्य हो गया। तथापि, दिसंबर 2024 में चीन और वियतनाम पर अस्थायी पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद, मलेशिया से आयात फिर से शुरू हो गया है, जो चीनी उत्पादकों द्वारा नियंत्रित स्रोतों से आयात की प्रवृत्ति की पुष्टि करता है। यह शुल्क लगाने या शुल्क रद्द करने से प्रभावित व्यापार मार्गों के बदलाव को रोकने के लिए शुल्कों के विस्तार के महत्व को दर्शाता है। नीचे दी गई तालिका में भारत में कुल आयात और मांग में संबद्ध देश के आयातों की मात्रा और हिस्से के विवरण दिए गए हैं।

वर्ष	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
मलेशिया से आयात	एमटी	91,949	81,937	0	18,916
अन्य देशों से आयात	एमटी	1,06,488	3,13,587	8,52,440	7,01,564
कुल आयात	एमटी	1,98,437	3,95,524	8,52,440	7,20,480
कुल मांग (एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	169	380	617
मांग में % हिस्सा					
संबद्ध देश	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	-	5
अन्य देश	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	174	211	164

यह नोट किया जाता है कि मलेशिया से आयात की मात्रा में पिछले वर्षों अर्थात 2022-23 की तुलना में जांच की अवधि में बढ़ती प्रवृत्ति दर्शाई गई है।

ग. <u>उत्पादन के संबंध में आयात</u>

187. जैसा कि ऊपर बताया गया है, उत्पादन से संबंधित संबद्ध देश से आयात की हिस्सेदारी आधार वर्ष यानी 2020-21 में 88.81% से घटकर 2022-23 में शून्य हो गई है।

विवरण	**यूओएम**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**पीओआई**
संबद्ध देश से आयात	एमटी	91,949	81,937	-	18,916
घरेलू उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	225	360
उत्पादन में संबद्ध देश का % हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	82	-	6

घ. सब्सिडीकृत आयातों का कीमत प्रभाव

188. नियमावली के अनुबंध-I (3) के संदर्भ में, कीमतों पर सब्सिडी वाले आयात के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में सब्सिडी वाले आयात द्वारा काफी कीमत कटौती हुई है, या क्या ऐसे आयात का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी मात्रा तक कम करना है या कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा काफी मात्रा तक तक हुई होती।

i. कीमत कटौती

189. जांच की अवधि के लिए आयात की पहुंच कीमत के साथ घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना करके मूल्य कीमत निर्धारित की गई है। यह देखा जाता है कि जांच की अवधि के दौरान कीमत कटौती सकारात्मक है।

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
पहुंच मूल्य	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	-	73
घरेलू बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	78	77
कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	52	-	93
कीमत कटौती %	%	***	***	***	***
कीमत कटौती %	रेंज	20-30	10-20	-	30-40

190. यह देखा जाता है कि मलेशिया से कीमत कटौती लगातार सकारात्मक बनी हुई है, जो यह दर्शाता है कि पूरी क्षति की अवधि के दौरान मलेशियाई आयात को घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से कम कीमत पर रखे गये है। घरेलू उद्योग ने यह भी दावा किया है कि चीन और वियतनाम पर अनंतिम शुल्क लगाने के बाद, मलेशियाई निर्यातकों ने अपनी पहुंच कीमत को 2021-22 में ***रुपये/एमटी से घटाकर जांच की अवधि में ***/एमटी कर दिया, जिससे कीमत दबाव बढ़ा। इस तेज गिरावट से कटौती मार्जिन मे ***% की तेज वृद्धि हुई, जिससे घरेलू उद्योग की कीमत निर्धारण क्षमता और बाजार की स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ा।

ii. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

191. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या सब्सिडी वाले आयात घरेलू कीमतों को कम कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी हद तक न्यूनीकृत करना है या कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य क्रम में हुई होती, क्षति की अवधि में लागत और कीमतों में परिवर्तन की तुलना निम्नानुसार की गई थी:

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
घरेलू बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	96	86
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	78	77
पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	-	73

192. प्राधिकारी उपरोक्त से नोट करते है कि पूरी क्षति अवधि के दौरान आयातों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम था। जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध सामानों का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और उसके घरेलू बिक्री कीमत से कम रहा। इसने घरेलू उद्योग को बिक्री की लागत के साथ अपनी कीमत को बनाए रखने से रोक दिया। अत:, यह नोट किया जाता है कि आयात ने कीमत वृद्धि को रोक दिया है, जो अन्यथा, हुई होती। इस प्रकार, आयात का घरेलू उद्योग की कीमतों पर ह्रासमान प्रभाव पड़ा है।

193. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि मलेशियाई निर्यातकों द्वारा आक्रामक कीमत निर्धारण से उनकी बिक्री कीमतें को काफी हो गई हैं, जिससे लाभप्रदता और वसूली कमजोर हुई है। इसके अतिरिक्त, इन निर्यातकों की कम

समय में आयात की मात्रा को तेजी से बढ़ाने की प्रदर्शित क्षमता से क्षति के तेज होने का खतरा और बढ़ जाता है। ये कारक स्पष्ट रूप से व्यापार उपचारात्मक उपायों के अभाव में निरंतर और बार-बार क्षति होने की प्रबल संभावना को दर्शाते हैं।

iii. घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक मापदंड

194. सब्सिडीरोधी नियमावली में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में संबद्ध सामानों के घरेलू उत्पादकों पर सब्सिडी वाले आयात के परिणामी प्रभाव की एक वस्तुनिष्ठ जांच शामिल हो। नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर सब्सिडी वाले आयात के प्रभाव की जांच में उद्योग की स्थिति पर असर डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और तत्वों सूचकांकों का एक वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन शामिल होना चाहिए, जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सेदारी उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता का उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट शामिल है; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक, सब्सिडी के मार्जिन की मात्रा; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव भी इसमें शामिल हैं। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है:

iv. उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

195. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग निम्नानुसार था:

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
क्षमता (एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	255	363
कुल उत्पादन (एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	241	348
केवल विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन(एमटी)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	225	360
क्षमता उपयोग (%)	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	95	96
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	99	240	404
निर्यात बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	137	145	166

196. घरेलू उद्योग द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि 2021-22 से जांच की अवधि तक मांग में छह गुना से अधिक की तेज वृद्धि के बावजूद, वे अपनी क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग करने में असमर्थ थे, क्षमता उपयोग आधार वर्ष यानी 2021-22 में ***% से घटकर जांच की अवधि में ***% हो गया। यह भी अनुरोध किया गया है कि बढ़ती मांग और उप-इष्टतम उत्पादन के बीच यह बेमेल स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि घरेलू उद्योग चीनी उत्पादकों के प्रभुत्व वाले व्यापार उपचारात्मक जांच के अधीन स्रोतों से अनुचित आयात के निरंतर हानिकारक प्रभावों के कारण बाजार के अवसरों का लाभ उठाने में असमर्थ था। घरेलू उद्योग द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि मौजूदा शुल्कों के विस्तार और वृद्धि के संदर्भ में मलेशिया के विरुद्ध इस बढ़े हुए सुरक्षा संरक्षण को पूरा करने के लिए नई क्षमताएं स्थापित की गई हैं और अधिक की योजना बनाई गई है।

v. बाजार हिस्सा

197. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि आधार वर्ष यानी 2021-22 की तुलना में जांच की अवधि के दौरान उनकी बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है। यह भी अनुरोध किया गया है कि 2015 से, वे, या तो सीधे चीन से[1] अथवा मलेशिया और वियतनाम[2] में रणनीतिक निवेश के माध्यम से निरंतर दबाव में हैं। याचिकाकर्ता द्वारा बाजार हिस्सेदारी में परिवर्तन, चीन से आयात और अन्य देशों से आयात के संबंध में सूचना निम्नानुसार है।

निम्नलिखित का बाजार हिस्सा	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
मांग	एमटी	***	***	***	***
मांग में हिस्सा					
मलेशिया से आयात	सूचीबद्ध	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	-	5
अन्य देशों से आयात		***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	174	211	164
कुल आयात		***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	113	90
घरेलू बिक्री		***	***	***	***

198. उपर्युक्त से, यह नोट किया जाता है कि संबद्ध सामानों की मांग में पर्याप्त वृद्धि के बावजूद, घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी जांच की अवधि के दौरान ***% रही, जो बढ़ती खपत से लाभ उठाने में इसकी अक्षमता को दर्शाती है। शुल्क लगने वाले देशों से आयातों में जांच की अवधि में ***% हिस्सा रखकर बाजार में प्रभाव बनाया, जबकि मलेशिया आयात, जिनका पूर्व में काफी हिस्सा था, पुन: ***% के साथ आए। घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया कि चूंकि मलेशिया में निर्यातक चीनी उत्पादकों द्वारा नियंत्रित हैं, इसलिए किसी भी समय मलेशिया का हिस्सा काफी और प्रभावी नहीं होगा।

[1] चीनी आयात पर पाटनरोधी शुल्क 18.08.2017 से 17.08.2022 तक प्रभावी था और नए शुल्क 4.12.2024 से 3.12.2029 तक प्रभावी होंगे, जिसके दौरान चीन से आयात में काफी गिरावट आई है।

[2] वियतनाम के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क 4.12.2024 से 3.12.2029 तक प्रभावी।

199. घरेलू उद्योग ने आगे यह भी अनुरोध किया है कि आयात प्रभाव के सार्थक मूल्यांकन के लिए, प्राधिकारी को मलेशिया, चीन और वियतनाम से आयात के संयुक्त हिस्से पर विचार करना चाहिए, क्योंकि ये प्रभावी रूप से चीनी उत्पादकों के एक ही सेट द्वारा नियंत्रित हैं। ये निर्यातक, जो अक्सर हांगकांग में कंपनियों के माध्यम से काम करते हैं, भारत में अपने निर्यात को भेजने के लिए रणनीतिक रूप से कई न्यायधिकरणों का उपयोग करते हैं। यह समन्वित व्यवस्था आपूर्ति स्रोत चुनने की सुविधा को सक्षम बनाती है और बढ़ती मांग के बावजूद घरेलू उद्योग की बाजार उपस्थिति का विस्तार करने की क्षमता को गंभीर रूप से प्रतिबंधित करती है।

vi. लाभप्रदता, नकद लाभ और निवेश पर आय

200. लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ के संबंध में सूचना इस प्रकार थी:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
निवल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	78	77
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	96	86
कर पूर्व लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-342	-499	-300
ब्याज	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	237	670	290
पीबीआईटी	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-348	-488	-301
मूल्यह्रास	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	54	174	257
नकद लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-523	-703	-327
आरओसीई	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	-166	-106	-99

201. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उन्हें मार्च 2021 में मलेशिया से आयात पर सब्सिडीरोधी शुल्क लगाने के बाद सुधार की उम्मीद है। तथापि, डीजीटीआर की सकारात्मक सिफारिश के बावजूद चीन के विरुद्ध शुल्क ना बढ़ाने जाने के साथ-साथ वियतनाम से बढ़ते आयात ने चीनी निर्यातकों को इन वैकल्पिक मार्गों का फायदा उठाने और भारतीय बाजार में बाढ़ लाने की अनुमति दी। घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि इस पूरी अवधि के दौरान, चीन, मलेशिया और वियतनाम के माध्यम से काम करने वाले चीनी मूल के निर्यातकों ने घरेलू कीमतों को कम करना जारी रखा, जिससे निरंतर क्षति हुई। अनुचित कीमत वाले आयात के इस प्रवाह ने घरेलू उद्योग की लाभप्रदता को कम कर दिया, लाभकारी स्तर तक कीमत वृद्धि को प्रतिबंधित कर दिया, और नकदी लाभ और नियोजित पूंजी पर आय की वसूली को रोक दिया। इसलिए, घरेलू उद्योग ने प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने और लंबे समय से बकाया वसूली को सक्षम करने के लिए सब्सिडीरोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश करने के लिए प्राधिकारी से अनुरोध किया।

vii. उत्पादकता, रोजगार और मजदूरी

202. पूरी क्षति अवधि में उत्पादकता, रोजगार और मजदूरी के संबंध में सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	138	224	215
वेतन और मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	77	202	475
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/ दिन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	225	360

203. यह देखा जाता है कि क्षमताओं में वृद्धि के कारण क्षति की अवधि में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह अनुरोध किया जाता है कि घरेलू उद्योग की उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है, जो यह दर्शाता है कि रोजगार में वृद्धि से उत्पादकता में कोई हानि नहीं हुई है। इस अवधि के दौरान भुगतान की गई प्रदत्त मजदूरी में भी वृद्धि हुई है।

viii. मालसूची

204. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की मालसूची पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ी है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि यह पाटित आयातों के क्षतिकार प्रभाव दर्शाता है। घरेलू उद्योग में मालसूची के संबंध में सूचना निम्नानुसार है:

विवरण	यूओएम	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	278	415	506

205. आवेदक की मालसूची का स्तर पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान काफी और सबसे अधिक है।

ix. वृद्धि

206. वृद्धि ने भी समान प्रवृत्ति अपनाई है जैसी कि लाभप्रदता, नकदी प्रवाह और आरओसीई में अपनाई है। वृद्धि के मापदंड अधिकतर मापदंडों के लिए नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं। विवरण नीचे दी गई तालिका में में दिए गए हैं।

विवरण	यूओएम	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
उत्पादन	%	-	9%	106%	60%
घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा	%	-	-42%	8%	4%
क्षमता उपयोग	%	-	-3%	-3%	1%
मालसूची	%	-	178%	1534%	210%
लाभ	%	-	422%	-38%	6%
नकद लाभ	%	-	477%	-10%	1%
आरओसीई	%	-	137%	-34%	5%

x. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

207. आवेदक ने यह भी दावा किया है कि बाजार में काफी कम कीमत वाले आयात की मौजूदगी ने किसी भी अतिरिक्त क्षमता विस्तार के लिए निवेश जुटाने की उसकी क्षमता को प्रभावित किया है। यह अनुरोध किया गया है कि यदि वर्तमान परिदृश्य जारी रहता है, तो इसका निवेश अत्यधिक अप्रयुक्त रहने की संभावना है और कोई नया निवेश नहीं आएगा।

208. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि भारत सरकार द्वारा ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों पर जोर देने के कारण सौर ऊर्जा में वृद्धि आसन्न है। चूंकि संबद्ध सामानों का उपयोग सोलर मॉड्यूल में किया जाता है, इसलिए इस क्षेत्र में निवेश की अपार गुंजाइश है। यहां तक कि आवेदकों ने भी बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए इसकी क्षमता में वृद्धि की है। यह तथ्य कि उन्होंने चीन से पाटित आयातों के विरुद्ध और मलेशिया से सब्सिडीकृत आयातों के विरुद्ध भी संरक्षण प्राप्त किया, नया निवेश नहीं आया था। इसके अतिरिक्त, चीन और वियतनाम के विरुद्ध शुल्क इस क्षेत्र में आगे के निवेश के लिए सकारात्मक है। तथापि, इस स्तर पर, यदि मलेशिया के विरुद्ध शुल्क जारी नहीं रखा जाता है, तो भारतीय बाजार में चीनी आयात फिर से भर जाएगा और चीन और वियतनाम के विरुद्ध दिया गया संरक्षण व्यावहारिक रूप से अप्रभावी हो जाएगा। सब्सिडीरोधी शुल्कों न होने पर, कोई नया निवेश नहीं होगा। इस दृष्टि से, घरेलू उद्योग द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि अनुचित व्यापार परिपाटियों के विरुद्ध सकारात्मक मांग और वैध संरक्षण को देखते हुए, घरेलू उद्योग के लिए निवेश विकल्प खुला रहता है। तथापि, यदि शुल्क नहीं बढ़ाया जाता है, तो घरेलू उद्योग की इस क्षेत्र के लिए पूंजी निवेश बढ़ाने की क्षमता गंभीर रूप से लड़खड़ा जाएगी।

xi. भौतिक क्षति पर निष्कर्ष

209. आयात की मात्रा और कीमत प्रभावों के साथ-साथ क्षति के विभिन्न मापदंडों की जांच से पता चलता है कि सब्सिडी-रोधी शुल्क के मौजूद होने के कारण जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का आयात स्थिर रहा। तथापि, प्रतिकूल कीमत प्रभाव है जैसा कि कीमत कटौती और कीमत न्यूनीकरण और ह्रास दर्शाने वाली तालिका से सिद्ध है। घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल कीमत प्रभाव के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि मांग में वृद्धि के बावजूद क्षमता उपयोग में गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, यह भी नोट किया जाता है कि संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, नकदी लाभ और आरओसीई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

कारण लिंक

xii. <u>गैर-आरोपण विश्लेषण</u>

210. नियमावली में प्राधिकारी के लिए संबद्ध आयतों को छोड़कर उन कारकों की जांच करना अपेक्षित है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं या क्षति पहुंचा सकते हैं, ताकि सब्सिडीकृत आयातों में अन्य कारकों के हुई क्षति के त्रुटिपूर्ण आरोपण से बचा जा सके। सके।

211. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान कार्यवाही एक निर्णायक समीक्षा है और सब्सिडी और क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क पहले ही मूल जांच में सिद्ध किया जा चुका है। प्राधिकारी ने जांच की है कि क्या नियमावली में प्रदान किए गए अन्य ज्ञात कारकों ने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई है या क्षति पहुंचाने की संभावना है।

(i) **तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और कीमत**

212. मलेशिया और उन देशों, जिन पर पहले से ही पाटनरोधी/सब्सिडीरोधी शुल्क लग रहे हैं, को छोड़कर अन्य देशों से आयात कुल आयात में 3% से कम हैं। इस प्रकार, यह नहीं कहा जा सकता है कि अन्य देशों से आयात वर्तमान में हानि पहुंचा रहे हैं।

(ii) **निर्यात निष्पादन**

213. यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी द्वारा जांच की गई क्षति की सूचना घरेलू प्रचालनों के लिए है और इसीलिए निर्यात की मात्रा में संभावित परिवर्तनों से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

(iii) **प्रौद्योगिकी का विकास**

214. किसी भी हितधारक पक्षकार ने ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है जिससे यह दर्शाया जाए कि प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं जिससे घरेलू उद्योग को क्षति पहुंच सकती हो। यह भी नोट किया गया है कि संबंधित उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस प्रकार, प्रौद्योगिकी में विकास घरेलू को क्षति पहुंचाने का कारक नहीं है।

(iv) **कंपनी के अन्य उत्पादों का निष्पादन**

215. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे जा रहे अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने का संभावित कारण प्रतीत नहीं होता है।

(v) **विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां और प्रतिस्पर्धा**

216. संबद्ध सामानों का आयात किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं है और वे देश में स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हैं। किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों में कोई परिवर्तन आया है।

(vi) **घरेलू उद्योग की उत्पादकता**

217. यह नोट किया जाता है कि प्रति कर्मचारी उत्पादन के साथ-साथ प्रति दिन उत्पादन के संदर्भ में घरेलू उद्योग की उत्पादकता में इस अवधि में वृद्धि हुई है।

(vii) **मांग में संकुचन और खपत के पैटर्न में परिवर्तन**

218. यह नोट किया जाता है कि पूरी क्षति अवधि में संबद्ध सामानों की मांग लगातार बढ़ी है। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि घरेलू उद्योग को क्षति मांग में संकुचन के कारण नहीं हुई थी।

<u>क्षति की जांच और कारणात्मक संपर्क:</u>

219. इस प्रकार यह नोट किया जाता है कि सूचीबद्ध ज्ञात अन्य कारकों से यह पता नहीं चलता है कि घरेलू उद्योग को इन अन्य कारकों के कारण हानि हो सकती है। प्राधिकारी ने जांच की कि क्या उत्पाद के पाटन से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है:

क) आयात घरेलू उद्योग की कीमतों की कटौती कर है;

ख) सब्सिडी वाले आयात के कारण सकारात्मक और महत्वपूर्ण कीमत कटौती घरेलू उद्योग को लाभकारी स्तर तक अपनी कीमतें बढ़ाने से रोक रही हैं;

ग) आयात कीमतों में गिरावट के कारण, घरेलू उद्योग को जांच की अवधि में नुकसान उठाना पड़ता है;

घ) घरेलू उद्योग की वृद्धि लाभ, नियोजित पूंजी पर आय और नकद लाभ आदि जैसे कीमत संबंधी आर्थिक मापदंडों की संख्या के संदर्भ में, कम होती रही है, जिसके परिणामस्वरूप संबद्ध देश से संबद्ध सामानों का सब्सिडीकृत आयात होता है;

ड.) मांग में सब्सिडी वाले आयात की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई और परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई।

च) विचाराधीन उत्पाद के संबंध में घरेलू उद्योग की मालसूची का स्तर जांच की अवधि के दौरान सबसे अधिक था।

छ) विचाराधीन उत्पाद से संबंधित घरेलू उद्योग के प्रचालनों पर कच्चे माल की कमी, बिजली की कमी, कर, क्षमता/निवेश की कमी आदि जैसी कोई बाधाएं नहीं थीं।

xiii. इंजरी का मैग्नीट्यूड और इंजरी मार्जिन

220. अथॉरिटी ने समय-समय पर बदले गए नियमों के एनेक्सर-III के साथ पढ़े गए नियमों में बताए गए सिद्धांतों के आधार पर घरेलू इंडस्ट्री के लिए नॉन-इंजरियस प्राइस (NIP) तय किया है। घरेलू जैसे प्रोडक्ट का NIP जांच के समय के लिए बनाने और बेचने की लागत से जुड़ी वेरिफाइड जानकारी/डेटा को अपनाकर तय किया गया है। घरेलू इंडस्ट्री का NIP नियमों के एनेक्सर III के अनुसार निकाला गया है। NIP तय करने के लिए, इंजरी पीरियड में घरेलू इंडस्ट्री द्वारा कच्चे माल के सबसे अच्छे इस्तेमाल पर विचार किया गया है।

यूटिलिटीज़ के साथ भी ऐसा ही किया गया है। इंजरी पीरियड में प्रोडक्शन कैपेसिटी के सबसे अच्छे इस्तेमाल पर विचार किया गया है। POI में प्रोडक्शन की गणना सबसे अच्छे कैपेसिटी इस्तेमाल को ध्यान में रखकर की गई है और प्रति यूनिट फिक्स्ड कॉस्ट निकालने के लिए उसी प्रोडक्शन पर विचार किया गया है। यह पक्का किया गया है कि प्रोडक्शन की लागत पर कोई एक्स्ट्राऑर्डिनरी या नॉन-रिकरिंग खर्च नहीं लगाया गया है। विचाराधीन प्रोडक्ट के लिए औसत कैपिटल एंप्लॉयड (यानी एवरेज नेट फिक्स्ड एसेट्स प्लस एवरेज वर्किंग कैपिटल) पर एक उचित रिटर्न (टैक्स-पूर्व @ 22%) की अनुमति दी गई थी ताकि ब्याज, कॉर्पोरेट टैक्स और प्रॉफिट की रिकवरी के लिए NIP पर पहुंचा जा सके, जैसा कि एनेक्सर-III में बताया गया है और अथॉरिटी द्वारा इसका लगातार पालन किया जा रहा है। इस तरह तय की गई नॉन-इंजुरियस कीमत की तुलना संबंधित देश से इंपोर्ट की लैंडेड कीमतों से की गई है ताकि इंजरी मार्जिन तय किया जा सके।

उत्पादक	उत्पादक	उत्पादक	उत्पादक	उत्पादक	उत्पादक
	USD/MT	USD/MT	USD/MT	%	रेंज (%)
किबिंग ग्रुप (एम) एसडीएन. बीएचडी.	***	***	***	***	80-90
शिनयी सोलर (मलेशिया) एसडीएन. बीएचडी.	***	***	***	***	40-50
अन्य उत्पादक	***	***	***	***	80-90

ज. सब्सिडीकरण और क्षति के जारी रहने या बार बार होने की संभावना

221. नियम 24(3) के अनुसार, प्राधिकारी को शुल्क की समाप्ति की स्थिति में सब्सिडी और क्षति के जारी रहने या बार बार होने की संभावना की जांच करने की आवश्यकता है। प्राधिकारी ने क्षति के जारी रहने या बार-बार होने की संभावना के संबंध में रिकॉर्ड में रखी गई पूरी सामग्री की जांच उन अन्य कारकों के साथ की, जो संगत हैं और क्षति के जारी रहने और बार-बार होने की संभावना पर प्रभाव डालते हैं।

i. निरंतर सब्सिडीकरण

222. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की अवधि में संबद्ध देशों में संबद्ध सामानों का सब्सिडीकरण जारी रहा है। इसलिए, प्राधिकारी का मानना है कि सब्सिडीकरण जारी रहने की संभावना है।

ii. मलेशिया में नया निवेश

223. घरेलू उद्योग ने बाजार रिपोर्टों और सार्वजनिक सूचना के आधार पर अनुरोध किया कि नए उत्पादक अर्थात किबिंग सोलर ग्लास ने संबद्ध सामानों के निर्माण के लिए अपने नए संयंत्र स्थापित किए हैं। संबद्ध सामानों के नए निवेश का विवरण इस प्रकार है:

क. निप्पन शीट ग्लास[3] कंपनी लिमिटेड: उनकी क्षमताएं मलेशिया में 2024 की चौथी तिमाही से चालू हो जाएंगी।

ख. शिनयी सोलर मलेशिया, 1200 एमटी की क्षमता वाली दो लाइनें[4]।

ग. चीन स्थित किबिंग समूह[5] किमानिस, सबा में 25 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की संस्थापित क्षमता के साथ एक बड़ा सौर ग्लास विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है।

224. उपरोक्त आंकड़ों के आधार पर, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि बढ़ी हुई क्षमता और सीमित मांग के साथ, यदि शुल्क नहीं बढ़ाया जाता है, तो इस बात की पूरी संभावना है कि संबद्ध देशों से पाटित आयात भारतीय बाजार में बाढ़ ला देंगे जिससे भारतीय उत्पादकों को नुकसान होगा।

iii. भारतीय बाजार की आकर्षकता:

225. घरेलू उद्योग द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि भारतीय बाजार मलेशिया या चीन में स्थित चीनी निर्यातकों के लिए बहुत आकर्षक है। यह भी अनुरोध किया गया है कि क्षति की जांच अवधि के दौरान संबद्ध सामानों की मांग में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, उद्योग की विकास संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। यह भी अनुरोध किया गया है

[3] मलेशिया में सोलर ग्लास की नई उत्पादन लाइन (एनएसजी.कॉम)

[4] अंतरिम रिपोर्ट 2022 के पृष्ठ 11 . शिनयी सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड.

[5] https://www.saurenergy.asia/kibing-group-to-build-usd-1-5-billion-solar-glass-plant-in-malaysia/

कि भारत विदेशी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए एक आकर्षक बाजार बना हुआ है, जैसा कि पाटनरोधी शुल्क लगाने के बावजूद तब से निरंतर आयातों से सिद्ध है।

226. उपरोक्त के अलावा, घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि व्यापार मानचित्र के आंकड़ों के आधार पर मलेशिया से उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात गंतव्य में भारत चौथे स्थान पर है।

iv. चीन और वियतनाम के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद मलेशिया से बढ़े हुए आया:

227. यह नोट जाता है कि दिसंबर 2024 में चीन और वियतनाम के विरुद्ध अनंतिम शुल्क लगाने के बाद, मलेशिया से आयात कई गुना बढ़ गया है। जांच की अवधि दौरान और जांच की अवधि के बाद महीने-वार आयात मलेशिया से निर्यातकों की आक्रामकता दर्शाने के लिए नीचे दिया गया है।

मात्रा-एमटी	**माह**	**कुल आयात**
पीओआई	जन.-24	0
पीओआई	फर.-24	0
पीओआई	मार्च-24	0
पीओआई	अप्रैल-24	0
पीओआई	मई-24	0
पीओआई	जून-24	0
पीओआई	जुलाई-24	0
पीओआई	अगस्त-24	0
पीओआई	सित.-24	474
पीओआई	अक्त.-24	0
पीओआई	नव.-24	2,870
पीओआई / पीएफ	दिसं. -24	14,832
पीएफ के बाद	जन-25	29,352
पीएफ के बाद	फर.-25	67,908
पीएफ के बाद	मार्च -25	67,120
कुल योग		
पीओआई के दौरान आयात		**18,916**
आयात (जन.-मार्च 25) पीएफ लागू होने के बाद		**1,64,380**



चीन और वियतनाम से आयात पर 5.12.2024 को पीएफ लगाया गया

228. उपर्युक्त ग्राफ से, प्राधिकारी यह देखते हैं कि दिसंबर 2024 में चीन और वियतनाम के विरुद्ध शुल्क लगाने के बाद आयात में काफी वृद्धि हुई है, जो सब्सिडी वाले आयात में वृद्धि और घरेलू उद्योग को क्षति होने की स्पष्ट संभावना को दर्शाता है।

229. घरेलू उद्योग के अनुरोध पर भी प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि मलेशिया में काफी अधिशेष क्षमताओं और जांच की अवधि के बाद आयात के बढ़ते रुझान को देखते हुए, इस बात की प्रबल संभावना है कि मलेशिया से निर्यात एक बार फिर भारतीय बाजार में बाढ़ लाएगा। यह सब्सिडीरोधी शुल्क के विस्तार को बढ़ाए जाने उसमें वृद्धि किए जाने की आवश्यकता को पुष्ट करता है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि वे जांच के दौरान इस संभावना और इसके दावों का और प्रमाण उपलब्ध कराएंगे। प्राधिकारी जांच प्रक्रिया के दौरान मलेशियाई उत्पादकों/निर्यातकों/सरकार द्वारा प्रस्तुत वास्तविक आंकड़ों के माध्यम से अनुमानों का सत्यापन करेंगे।

v. **घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत से कम संभावित मात्राएँ**

230. सहयोगी निर्यातकों के उत्तरों से यह ज्ञात हुआ है कि मलेशियाई निर्यातकों ने भारत को छोड़कर अन्य देशों को *** एमटी संबद्ध सामानों निर्यात किया है। इस मात्रा में से, *** एमटी की कीमत प्राधिकारी द्वारा गणना की गई क्षतिरहित कीमत से कम है। विवरण नीचे तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	यूओएम	शिनयी	किबिंग	कुल
तीसरे देशों को निर्यातित मात्रा	एमटी	***	***	***
एनआईपी से कम निर्यातित मात्रा	एमटी	***	***	***
एनआईपी से कम मात्रा का % (क्षतिकारक मात्रा)	%	***	***	***
रेंज	%	70-80	70-80	70-80

vi. **घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री कीमत से कम संभावित मात्राएँ**

231. यह सहयोगी निर्यातकों की प्रतिक्रियाओं से भी नोट किया गया है कि मलेशियाई निर्यातकों ने भारत को छोड़कर अन्य देशों को संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। इस मात्रा में से, *** एमटी की कीमत घरेलू उद्योग के घरेलू बिक्री कीमतों से कम है। विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

विवरण	यूओएम	शिनयी	किर्बिंग	कुल
तीसरे देशों को निर्यातित मात्रा	एमटी	***	***	***
घरेलू बिक्री कीमत से कम निर्यातित मात्रा	एमटी	***	***	***
घरेलू बिक्री कीमत से कम मात्रा का %	%	***	***	***
रेंज	%	30-40	60-70	40-50

झ. <u>भारतीय उद्योग के मुद्दे</u>

झ.1 दूसरी इंटरेस्टेड पार्टियों की तरफ से दी गई बातें

232. दूसरी इंटरेस्टेड पार्टियों, जिनमें यूज़र्स और डाउनस्ट्रीम सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर्स शामिल हैं, ने दूसरी बातों के साथ-साथ यह भी बताया है कि:

i. काउंटरवेलिंग ड्यूटी लगाने या जारी रखने से टेक्सचर्ड टेम्पर्ड ग्लास ("TTG") की खरीद की लागत बढ़ सकती है, जो सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल के लिए एक ज़रूरी इनपुट है।

ii. इनपुट लागत में कोई भी बढ़ोतरी ग्लोबली कॉम्पिटिटिव रिन्यूएबल एनर्जी मार्केट में काम करने वाले डाउनस्ट्रीम मैन्युफैक्चरर्स की कॉम्पिटिटिवनेस पर बुरा असर डाल सकती है।

iii. सोलर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर कैपिटल इंटेंसिव और प्राइस सेंसिटिव है; इसलिए, ग्लास की ज़्यादा कीमतें मॉड्यूल की कीमत, एक्सपोर्ट और प्रोजेक्ट की वायबिलिटी पर असर डाल सकती हैं।

iv. यह तर्क दिया गया है कि TTG के खास वेरिएंट्स की घरेलू उपलब्धता, जिसमें नई मॉड्यूल टेक्नोलॉजी में इस्तेमाल होने वाला एडवांस्ड या एप्लिकेशन-स्पेसिफिक ग्लास शामिल है, सीमित है और डाउनस्ट्रीम यूज़र्स बिना रुके प्रोडक्शन पक्का करने के लिए इम्पोर्ट पर निर्भर रह सकते हैं।

v. यह भी चिंता जताई गई कि इम्पोर्ट पर रोक से मॉड्यूल मैन्युफैक्चरर्स के लिए प्रोडक्ट की क्वालिटी, टेक्नोलॉजिकल फ्लेक्सिबिलिटी और सप्लाई रिलायबिलिटी पर असर पड़ सकता है।

झ.2 घरेलू इंडस्ट्री की तरफ से दी गई बातें

233. घरेलू इंडस्ट्री ने कहा है कि:

i. काउंटरवेलिंग ड्यूटी का मकसद गलत सब्सिडी को खत्म करना और इंपोर्ट पर रोक लगाने के बजाय सही कॉम्पिटिशन वापस लाना है।

ii. घरेलू इंडस्ट्री ने TTG मैन्युफैक्चरिंग में काफी इन्वेस्टमेंट किया है और उसके पास भारतीय मार्केट में सप्लाई करने की टेक्निकल क्षमता है, जबकि चल रहे और प्लान किए गए कैपेसिटी बढ़ाने से सप्लाई की उपलब्धता में सुधार होने की उम्मीद है।

iii. एक कामयाब घरेलू इंडस्ट्री की मौजूदगी सोलर एनर्जी बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक स्ट्रेटेजिक रूप से ज़रूरी प्रोडक्ट के लिए सप्लाई सिक्योरिटी पक्का करती है।

iv. डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स पर ड्यूटी का असर बहुत कम होता है क्योंकि TTG सोलर मॉड्यूल की कुल लागत का सिर्फ एक छोटा हिस्सा होता है।

v. गलत तरीके से सब्सिडी वाले इंपोर्ट जारी रहने से घरेलू मैन्युफैक्चरिंग कमजोर होगी, इन्वेस्टमेंट कम होंगे, और लंबे समय तक इंपोर्ट पर निर्भरता बढ़ेगी, जो सप्लाई चेन की मजबूती और "आत्मनिर्भर भारत" के राष्ट्रीय लक्ष्यों के खिलाफ होगा।

vi. एक हेल्दी घरेलू इंडस्ट्री ने ऐतिहासिक रूप से कीमत में स्थिरता और मार्केट के विकास में योगदान दिया है और इसलिए डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज़ को नुकसान पहुंचाने के बजाय उन्हें सपोर्ट करती है।

झ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

234. अथॉरिटी ने नोट किया है कि कस्टम्स टैरिफ एक्ट और एंटी-सब्सिडी रूल्स के तहत काउंटरवेलिंग ड्यूटीज़ का मकसद सब्सिडी वाले इंपोर्ट के नुकसानदायक असर को कम करना और घरेलू मार्केट में फेयर कॉम्पिटिशन की

स्थिति को फिर से बनाना है। ऐसे उपायों का मकसद सामान की अवेलेबिलिटी को रोकना या आर्टिफिशियल प्राइस एस्केलेशन करना नहीं है, बल्कि एक्शनेबल सब्सिडी से होने वाली गड़बड़ियों को न्यूट्रलाइज़ करना है।

235. अथॉरिटी ने प्रोड्यूसर, इंपोर्टर, यूज़र और डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज़ समेत सभी स्टेकहोल्डर से राय मांगी और इकोनॉमिक इंटरेस्ट क्वेश्चनेयर भेजे, जिसमें इन चीज़ों के बारे में जानकारी मांगी गई:

- सप्लाई की इंटरचेंजेबिलिटी,
- घरेलू प्रोडक्शन की उपलब्धता,
- डाउनस्ट्रीम इंडस्ट्रीज़ पर ड्यूटी का असर,
- यूज़र की एडजस्टमेंट क्षमता, और
- कंज्यूमर और नेशनल इंडस्ट्रियल इंटरेस्ट पर असर

236. जबकि डाउनस्ट्रीम उपयोगकर्ताओं ने संभावित लागत प्रभावों के बारे में चिंता व्यक्त की, प्राधिकरण ने नोट किया कि लाभप्रदता, निर्यात या डाउनस्ट्रीम निर्माताओं के रोजगार पर भौतिक प्रतिकूल प्रभाव को प्रदर्शित करने वाला कोई सत्यापन योग्य वित्तीय विश्लेषण या मात्रात्मक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया था।

झ.4 मांग, आपूर्ति और रणनीतिक विचार

237. अथॉरिटी का मानना है कि TTG सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल में इस्तेमाल होने वाला एक ज़रूरी इनपुट है। यह सेक्टर भारत में रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट की वजह से तेज़ी से बढ़ रहा है। रिकॉर्ड में मौजूद सबूत बताते हैं कि डिमांड में बढ़ोतरी ग्लास-टू-ग्लास मॉड्यूल और ज़्यादा एफिशिएंसी वाले सोलर पैनल की ओर टेक्नोलॉजी में बदलाव की वजह से हो रही है, जिससे ग्लास की खपत बढ़ी है।

238. अथॉरिटी ने आगे कहा कि हालांकि डिमांड तेज़ी से बढ़ी है, लेकिन गलत कीमतों पर सब्सिडी वाले इंपोर्ट जारी रहने से घरेलू मैन्युफैक्चरिंग की संभावना कम हो जाएगी और मीडियम टर्म में डिमांड-सप्लाई के अंतर को पाटने के लिए ज़रूरी और इन्वेस्टमेंट कम हो जाएंगे।

झ.5 उत्पाद की उपलब्धता

239. अथॉरिटी ने नोट किया है कि काउंटरवेलिंग ड्यूटी लगाने या जारी रखने से इम्पोर्ट पर रोक नहीं लगती है। इम्पोर्ट भारतीय बाज़ार में आते रह सकते हैं, हालांकि सही और बिना सब्सिडी वाली कीमतों पर। इसलिए, डाउनस्ट्रीम यूज़र्स के लिए TTG की उपलब्धता पर बुरा असर पड़ने की संभावना नहीं है।

240. अथॉरिटी ने आगे देखा है कि सप्लाई के कई सोर्स उपलब्ध हैं, जिनमें घरेलू प्रोड्यूसर, सही कीमतों पर संबंधित देश से इम्पोर्ट और दूसरे देशों से इम्पोर्ट शामिल हैं।

झ.6 डाउनस्ट्रीम उद्योग पर प्रभाव

241. अथॉरिटी ने डाउनस्ट्रीम सोलर प्रोडक्ट्स पर ड्यूटी के संभावित असर की जांच की है। रिकॉर्ड में दी गई जानकारी के आधार पर, डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स की कुल लागत में TTG का हिस्सा सीमित है। अनुमानित असर नीचे दिखाया गया है।

झ.7 डाउनस्ट्रीम उत्पादों पर शुल्क का अनुमानित प्रभाव

हालांकि, अथॉरिटी ने नोट किया है कि नीचे दी गई टेबल में एंड कंज्यूमर्स पर एंटी-सब्सिडी ड्यूटी का संभावित असर:

विवरण UoM राशि	संदर्भ	UoM	राशि
M10 सोलर सेल पर आधारित 540 Wp सोलर मॉड्यूल की कीमत	A	₹ / मॉड्यूल	9,000
M10 सोलर सेल पर आधारित 540 Wp सोलर मॉड्यूल में इस्तेमाल होने वाला सब्जेक्ट सामान	B	किलोग्राम./ मॉड्यूल	20.05
विषयगत वस्तुओं की कीमत – लेपित	C	₹/ किलोग्राम	42.01

विवरण UoM राशि	संदर्भ	UoM	राशि
M10 सोलर सेल पर आधारित 540 Wp सोलर मॉड्यूल में बने सब्जेक्ट गुड्स की कॉस्ट	D=C*B	₹ /मीट्रिक टन	842
मॉड्यूल में विषय वस्तु की % लागत	E=D/A	%	9.36%
सब्जेक्ट गुड्स पर 10% एंटी सब्सिडी ड्यूटी के कारण मॉड्यूल पर एक्स्ट्रा कॉस्ट	F=D*10%	₹/मीट्रिक टन	84
मॉड्यूल में एंटी-डंपिंग ड्यूटी जोड़ने पर सब्जेक्ट गुड्स की कुल लागत	G=D+F	₹/मीट्रिक टन	927
मॉड्यूल में विषय वस्तु की % लागत	H=G/A	%	10.30%
एंटी-डंपिंग ड्यूटी के कारण हर सोलर मॉड्यूल पर अतिरिक्त असर	I=F/A	%	0.94%

स्रोत: रिकॉर्ड में मौजूद सबमिशन के आधार पर अथॉरिटी का एनालिसिस।

242. प्राधिकरण ने नोट किया है कि शुल्कों के पूर्ण पास-थ्रू को मान लेने पर भी, अंतिम डाउनस्ट्रीम उत्पादों पर प्रभाव 1% से काफी नीचे रहता है, जो वैश्विक पॉलीसिलिकॉन, वेफर और लॉजिस्टिक्स लागतों द्वारा संचालित समग्र मॉड्यूल मूल्य निर्धारण में उतार-चढ़ाव की तुलना में आर्थिक रूप से महत्वहीन है।

ञ. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

243. हितबद्ध पक्षकारों से प्रकटन पश्चात टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं, और यह नोट किया जाता है कि उठाए गए अधिकांश मुद्दे दोहराए गए हैं और पहले ही उठाए जा चुके हैं और उन्हें भी उचित रूप से हल किया गया है। अतिरिक्त अनुरोधों का विश्लेषण निम्नलिखित रूप में किया गया है:

ञ.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

244. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. तथाकथित प्रतिभागी उत्पादकों/निर्यातकों, शिनयी और किबिंग द्वारा दायर उत्तरों को नजरअंदाज किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण सूचना रोक दी है और अधूरी और गलत सूचना प्रस्तुत करके प्राधिकारी को गुमराह किया है। इन कमियों का सब्सिडी मार्जिन के निर्धारण पर सीधा और महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और जांच की अखंडता को कमजोर करता है।

ii. निर्यातकों ने निर्यात बिक्री में संबंधित कंपनियों की भागीदारी का खुलासा करने में भी असफलता हासिल की है, जबकि किबिंग ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध साक्ष्यों के बावजूद क्षेत्रीय सब्सिडी की सूचना नहीं दी है। घरेलू उद्योग द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि ऐसे संकेत हैं कि शिनयी को गैस से संबंधित सब्सिडी से लाभ हो सकता है, जिसके सत्यापन की आवश्यकता है।

iii. यह कि ऐसे निर्यातकों को दी गई कोई भी रियायत गैर-अनुपालन और गलत बयानी को पुरस्कृत करने के समान होगी। घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि प्राधिकारी ने पहले भी इसी तरह की स्थितियों में सख्त दृष्टिकोण अपनाया है और यहां भी वही दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्धारण में केवल पूर्ण, सटीक और सत्यापन योग्य सूचना पर भरोसा किया जाए और एक्सिनी और किबिंग के निर्यातक प्रश्नावली के उत्तरों को रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अवशिष्ट सब्सिडीरोधी शुल्क के अधीन किया जाए।

iv. प्राधिकारी से यह भी अनुरोध किया जाता है कि अंतिम जांच परिणाम में पुष्टि करें कि संबद्ध सामानों को हीट-स्ट्रेन्थन्ड ग्लास के रूप में भी जाना जाता है। यह पुष्टि करने का भी अनुरोध किया जाता है कि मलेशिया सरकार सब्सिडी प्रदान करना जारी रखती है, और सब्सिडी वाले आयात घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति पहुंचा रहे हैं।

ञ.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

245. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं:

i. घरेलू उद्योग ने सब्सिडी के आरोपों के लिए भरोसा किए गए दस्तावेजों का पर्याप्त रूप से खुलासा नहीं करके और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध वित्तीय विवरणों को गोपनीय मानकर गोपनीयता प्रावधानों का उल्लंघन किया।

ii. घरेलू उद्योग ने पहले से ही पाटनरोधी शुल्क और सीवीडी उपायों के माध्यम से लंबे समय तक संरक्षण का लाभ उठाया है और व्यापार उपचार की अस्थायी और उपचारात्मक प्रकृति के विपरीत, आगे जारी रहना अनुचित और स्थायी संरक्षण के बराबर होगा।

iii. किबिंग का दावा है कि उसने पूरी तरह से सहयोग किया और प्राकृतिक गैस, निवेश कर नीतियों, बिक्री कर छूट और आयात शुल्क छूट जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी का खुलासा किया। इसमें तर्क दिया गया है कि निवेश कर योजना के तहत लाभ स्वयं प्रतिवादी को प्राप्त नहीं हुए थे और मशीनरी आयात पर छूट एफटीए रियायतों (फॉर्म-ई) से उत्पन्न हुई थी, जो कथित तौर पर वित्तीय योगदान या विशिष्ट सब्सिडी नहीं हो सकती है।

iv. घरेलू उद्योग ने सकारात्मक निष्पादन प्रवृत्तियां दर्शाते हुए क्षमता, उत्पादन, निवेश, रोजगार और निर्यात का विस्तार किया है। उसका यह तर्क है कि लाभप्रदता में कोई भी गिरावट विस्तार लागत, आंतरिक अक्षमताओं और व्यावसायिक निर्णयों के कारण होती है, न कि मलेशियाई आयात के कारण, और यह कि क्षति के दावे अतिरंजित या कृत्रिम हैं। यह भी अनुरोध किया गया है कि मलेशिया से आयात में समग्र रूप से गिरावट आई है और कुल आयात में किसी भी वृद्धि का कारण चीन और वियतनाम हैं। यह भी अनुरोध किया गया है कि मांग-आपूर्ति अंतराल को पाटने के लिए मलेशिया से आयात आवश्यक था और अन्य देशों के साथ संचयी मूल्यांकन में साक्ष्ययुक्त आधार का अभाव है।

v. प्रकटन विवरण क्षति के जारी रहने या बार-बार होने की संभावना सिद्धत नहीं करता है, यह तर्क देते हुए कि घरेलू उद्योग ने क्षमता और बिक्री का विस्तार किया है, मलेशिया से आयात में गिरावट आई है, और कोई कारणात्मक संपर्क नहीं दर्शाया गया है। उसका यह भी तर्क है कि प्राधिकारी के संभावना वाले निष्कर्ष अनुमानित हैं और अधिशेष क्षमता, भारत की ओर निर्यातोन्मुखता या आयात में संभावित वृद्धि का अनुमान लगाने के लिए किसी भी आधार के साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं हैं।

vi. किबिंग इस निष्कर्ष का खंडन करता है कि इसके निर्यात घरेलू कीमतों की कटौती या न्यूनीकरण करते हैं और दावा करता है कि इसका पहुंच मूल्य उचित बाजार कीमत निर्धारण को दर्शाता है और इस आधार पर जांच को समाप्त करने का अनुरोध किया है कि सब्सिडी, क्षति और कारणात्मक संबंध सिद्ध नहीं हैं।

vii. शुल्कों की निरंतरता प्रतिस्पर्धी कीमत वाली कांच तक पहुंच को प्रतिबंधित करके, मॉड्यूल लागत बढ़ाकर और उपभोक्ताओं पर बोझ डालकर निचल स्तर के सौर और नवीकरणीय क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी। इसमें यह भी तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और इस उपाय को जारी रखने से उचित प्रतिस्पर्धा और सार्वजनिक हित कमजोर होंगे।

viii. शिनयी सोलर ने प्राधिकारी से एफओबी लेनदेन में माल भाड़ा और बीमा जोड़कर पहुंच मूल्य की पुन: जांच और पुन: गणना करने का अनुरोध किया है। उन्होंने प्राधिकारी से यह भी अनुरोध किया है कि वह परिसंपत्तियों के औसत उपयोगी जीवनकाल को 10 वर्षों के बजाय 16.72 वर्ष माने, क्योंकि यह जीएएपी के तहत तैयार कंपनी के लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरणों के असंगत है।

ix. निर्यात उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री पर बिक्री और सेवा कर या तो छूट है या वापस कर दिया जाता है, इसलिए कोई अवशिष्ट कर बोझ नहीं रहता है। अत:, एसएसटी वित्तीय योगदान नही हो सकता या लाभ प्रदान नहीं कर सकता है और इसे प्रतिकार योग्य सब्सिडी के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शिनयी इस तंत्र की तुलना भारत के निर्यात की शून्य-रेटिंग जीएसटी से करते हैं।

x. शिनयी का तर्क है कि मूल जांच के निष्कर्ष सेस्टैट के समक्ष चुनौती के अधीन हैं और इसलिए उन्हें अंतिम नहीं माना जा सकता है। चूंकि कथित सब्सिडी की वैधता और परिमाणीकरण न्यायिक जांच के अधीन है, इसलिए उन जांच परिणामों के आधार पर शुल्क की निरंतरता समय से पहले और कानूनी रूप से सुभेद्य होगी।

ञ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

246. प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अधिकांश अनुरोध पुरावृत्ति के हैं और उन्हें पूर्व में प्रकटन विवरण में पहले ही हल कर दिया गया था। उपर्युक्त जांच परिणाम यथा-तथ्यत: हितबद्ध पक्षकारों के इन तर्कों से संबंधित हैं। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने यहां नीचे हितबद्ध पक्षकारों की जांच संगत सीमा तक की है और अन्यत्र कहीं हल नहीं किया है।

247. घरेलू उद्योग के इस तर्क के संबंध में कि प्रतिभागी निर्यातकों द्वारा दायर किए गए उत्तर अपूर्ण और भ्रामक हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच लागू नियमावली के अनुसार की गई है और जहां आवश्यक था, वहां व्यवहार्य सीमा तक सत्यापित की गई है। सब्सिडी मार्जिन का निर्धारण रिकॉर्ड में सत्यापित सूचना के आधार पर किया गया है, जहां उचित हुआ, अंतराल या असंगतियों के उदाहरणों में उपलब्ध तथ्यों द्वारा पूरा किया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी को निर्यातकों के उत्तरों को पूरी तरह से खारिज करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं मिला है और निर्धारण के उद्देश्य के लिए उपयुक्त मानी गई सूचना पर भरोसा किया गया है।

248. भारत को निर्यात में संबद्ध कंपनियों की भागीदारी, कथित क्षेत्रीय सब्सिडी की रिपोर्टिंग न करने और प्रतिभागी निर्यातक द्वारा संभावित गैस से संबंधित लाभों से संबंधित घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी स्पष्ट करते हैं कि वर्तमान जांच में सब्सिडी का आकलन निर्यातकों द्वारा रिकॉर्ड पर रखी गई सूचना, सत्यापन प्रश्नों के उतर और जांच प्रक्रिया के दौरान जांचे गए अन्य साक्ष्यों के आधार पर किया गया है। जहां भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण की आवश्यकता थी, प्राधिकारी ने संगत सूचना मांगी और उसका मूल्यांकन किया और तदनुसार सब्सिडी निर्धारण में अपने निष्कर्षों को दर्शाया है। केवल सांकेतिक या सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सामग्री पर आधारित आरोप, वास्तविक लाभ प्राप्त करने का सत्यापन योग्य साक्ष्य दर्शाए बिना, रिकॉर्ड पर पहले से सिद्ध निष्कर्षों के संशोधन को स्वयं उचित नहीं ठहराते हैं।

249. घरेलू उद्योग के इस तर्क से प्राधिकारी सहमत नहीं है कि निर्यातक के उत्तरों पर निर्भरता गैर-अनुपालन को पुरस्कृत करने के समान होगी। प्राधिकारी का निर्धारण सहयोग की किसी धारणा पर आधारित नहीं है, बल्कि रिकॉर्ड में रखी गई सूचना, सत्यापित आंकड़ों और जहां आवश्यक था, नियमावली के अनुसार उपलब्ध तथ्यों की एक वस्तुनिष्ठ जांच पर आधारित है। प्राधिकारी ने प्रस्तुत सूचना की पूर्णता और विश्वसनीयता का का मूल्यांकन करने में पूरा परिश्रम लगाया है और सत्यापित आंकड़ों के आधार पर उचित निष्कर्ष निकाले हैं। तदनुसार, यह आरोप कि प्राधिकारी ने उदारता दिखाई है या अपनी स्थापित परिपाटी से विचलित हो गए हैं, सही नहीं है।

250. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के विवरण और सब्सिडी और क्षति की मौजूदगी के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोधों की जांच की है। रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों के आधार पर अंतिम जांच परिणाम के संगत भाग में इन पहलुओं पर जांच परिणाम को हल किया गया है।

251. घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीयता के दावे के संबंध में, प्राधिकारी यह देखते हैं कि गोपनीयता के दावों की जांच लागू नियमावली के अनुसार की जाती है, और सूचना को केवल तभी गोपनीय माना जाता है जब उचित कारण दर्शाया जाए। प्राधिकारी यह भी सुनिश्चित करते हैं कि रिकॉर्ड पर पर्याप्त अगोपनीय सार रखे जाएं ताकि हितबद्ध पक्षकार उन सूचनाओं के सार को उचित रूप से समझ सकें जिन पर भरोसा किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह नहीं दर्शाया है कि उन्हें जांच में अपने हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा करने से रोका गया है और इसलिए, इस तर्क का कोई औचित्य नहीं है।

252. इस अनुरोध के संबंध में कि शुल्क जारी रखने से घरेलू उद्योग के लिए लंबे समय तक संरक्षण के होगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि व्यापार उपचारात्मक उपाय केवल वहां जारी रखे जाते हैं जहां, निर्णायक समीक्षा में एक वस्तुनिष्ठ जांच पर, उपाय की समाप्ति से सब्सिडी और क्षति के जारी रहने और बार बार होने की संभावना हो। इस प्रकार किसी शुल्क का जारी रहना स्वचालित या प्रकृति में संरक्षणात्मक नहीं है, बल्कि अनुचित व्यापार परिपाटियों की मौजूदगी और उनके हानिकारक प्रभावों पर सख्ती से निर्भर है। निर्यातक ने यह दर्शाने करने के लिए कोई सबूत रिकॉर्ड में नहीं रखा है कि सब्सिडी समाप्त हो गई है या घरेलू उद्योग उपाय के अभाव में क्षति से

अछूता रहेगा। तदनुसार, प्राधिकारी पाते हैं कि जहां तथ्यों से आवश्यकता है, वहां शुल्क का जारी रहना अनुचित संरक्षण नहीं है, बल्कि एक वैध उपचारात्मक प्रतिक्रिया बनी हुई है, और इस प्रकार निर्यातकों का तर्क सही नहीं है।

253. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि किर्बिंग ने पूरी तरह से सहयोग किया है और यह कि कुछ कार्यक्रम या तो लाभ प्रदान नहीं करते हैं या केवल एफटीए रियायतों से उत्पन्न होते हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सत्यापन के दौरान, इसने कुछ सब्सिडी तत्वों की मौजूदगी की पहचान की है, जिन पर शुरू में दावा नहीं किया गया था या निर्यातक द्वारा पर्याप्त रूप से प्रमाणित नहीं किया गया था। वर्तमान जांच में सब्सिडी का निर्धारण इसलिए सत्यापन के दौरान प्राप्त सत्यापित सूचना पर आधारित है, जहां आवश्यक हुआ वहां उन उदाहरणों में उपलब्ध तथ्यों द्वारा पूरक है जहां पूरी या विश्वसनीय सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी। प्राधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि सत्यापित आंकड़ों का प्रयोग और जहां आवश्यक था, वहां उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना का प्रयोग, नियमावली के संगत है और यह सब्सिडीकरण का वस्तुनिष्ठ आंकलन सुनिश्चित करता है। प्रकटन पश्चात टिप्पणियों में भी निर्यातक ने अपने दावे सिद्ध नहीं किए हैं और इसीलिए यह तर्क कि किर्बिंग को सब्सिडी मार्जिन के निर्धारण में पूर्वाग्रह हुआ है, आधारहीन है।

254. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हो रही है या मलेशिया के कारण कोई क्षति नहीं हुई है, यह नोट किया जाता है कि कुछ मापदंडों में सुधार क्षति की मौजूदगी को वहां नहीं रोकते, जहां रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य शुल्क बंद किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग के कीमत न्यूनीकरण, प्रतिकूल लाभप्रदता प्रवृत्तियों और सुभेद्यता दर्शाते हैं। निर्यातक ने यह दर्शाने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं रखा है कि मलेशिया से आयात क्षतिरहित कीमतों पर थे या उन्हें मलेशिया सरकार से कोई सब्सिडी नहीं मिल रही है, या उन्होंने घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल कीमत प्रभाव नहीं डाला। इसके अतिरिक्त, यह दावा कि आयात ने केवल मांग-आपूर्ति अंतराल को पाट दिया या संचयी मूल्यांकन अनुचित है, सत्यापन योग्य आंकड़ों द्वारा समर्थित नहीं है। अत: प्राधिकारी यह पाते हैं कि अनुरोध संकेतों के चुनिंदा निर्वचन पर आधारित हैं और रिकॉर्ड में क्षति और संभावना विश्लेषण का खंडन नहीं करते तथा तद्नुसार उसे रद्द करते हैं।

255. प्राधिकारी ने पहुंच मूल्य के परिकलन की जांच की है और वर्तमान अंतिम जांच परिणामों के प्रयोजन के लिए ठीक किए गए पहुंच मूल्य का प्रयोग किया है। औसत उपयोगी जीवन काल के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़े यह दर्शाते हैं कि प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सत्यापित सूचना के आधार पर 10 वर्षों के रूप में परिसंपत्तियों का औसत उपयोगी जीवन काल सही माना है।

256. निर्यातक का यह तर्क कि निर्यात उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले इनपुट पर बिक्री और सेवा कर (एसएसटी) या तो छूट प्राप्त हैं या वापस कर दिया गया है और इसीलिए प्रतिकार योग्य सब्सिडी नहीं बन सकता है, गलत है। सब्सिडी कार्य-ढांचे के तहत, इनपुट पर अप्रत्यक्ष करों की छूट या छूट को वित्तीय योगदान के रूप में माना जा सकता है, जहां ऐसी छूट निर्यातित सामानों के उत्पादन में खपत किए गए इनपुट पर वास्तव में लगाए गई राशि से अधिक है या जहां योजना सख्ती से पूर्व-चरण के करों की तटस्थता तक सीमित नहीं है। निर्यातक ने सत्यापन योग्य साक्ष्य के साथ यह नहीं दर्शाया है कि एसएसटी छूट धनवापसी तंत्र निर्यातित उत्पाद में उपभोग में लाए गए इनपुट तक सीमित अनुमेय शुल्क वापसी प्रणाली के रूप में काम करता है। एक पारदर्शी और उत्पाद-विशिष्ट सत्यापन तंत्र के अभाव में यह सुनिश्चित करने के लिए कि छूट वास्तव में उपार्जित करों से अधिक नहीं है, इस तरह के प्रत्यक्त कर सरकार के कारण अन्यथा राजस्व हैं और इसीलिए लाभ प्रदान करने वाले वित्तीय योगदान दर्शाते हैं। भारत की जीएसटी शून्य रेटिंग कार्य-ढांचे की तुलना उपयुक्त नहीं है क्योंकि किसी उपाय की प्रतिकारणीयता की जांच निर्यातक देश में उसके डिजाइन, प्रचालन और सत्यापन के आधार पर की जानी चाहिए। तद्नुसार प्राधिकारी यह मानते हैं कि निर्यातक को दिया गया एसएसटी व्यवहार प्रकृति में प्रतिकार योग्य है।

257. जहां तक, शिनयी के इस तर्क का संबंध है कि मूल जांच के जांच परिणाम माननीय सेस्टैट के समक्ष चुनौती के अधीन हैं और इसलिए, उन्हें अंतिम नहीं माना जा सकता है। इस संबंध में, प्राधिकारी का मानना है कि अपील के केवल लंबित होने तक मूल जांच के अंतिम जांच परिणाम प्रचालनहीन नहीं हो जाते या कानूनी प्रभाव से बचते हैं।

जब तक जांच परिणामों को सक्षम अपीलीय मंच द्वारा अलग नहीं रखा जाता या संशोधित नहीं किया जाता, तब तक वे वैध और लागू बने रहते हैं।

258. जहां तक इस दलील का संबंध है कि संभावना संबंधी निष्कर्ष किसी भी सकारात्मक साक्ष्य द्वारा समर्थित नहीं हैं और मात्र एक दावा हैं, यह उल्लेखनीय है कि सनसेट समीक्षा में संभावना का विश्लेषण स्वभावतः भावी होता है। यह विश्लेषण सब्सिडीकरण, बाजार की परिस्थितियों तथा उपायों के अभाव में निर्यातकों की शिपमेंट बढ़ाने की क्षमता और प्रोत्साहन के उद्देश्यपूर्ण मूल्यांकन पर आधारित होता है। प्राधिकारी ने सनसेट समीक्षा में यह परीक्षण किया है कि शुल्क की समाप्ति पर सब्सिडीकरण और क्षति समाप्त हो जाएगी या उनकी पुनरावृत्ति नहीं होगी।

259. शुल्क बढ़ाए जाने से संबंधी अनुरोध सार्वजनिक हित में नहीं होगा, यह नोट किया जाता है कि उक्त दावे रिकॉर्ड में किसी भी साक्ष्य से अप्रमाणित और असमर्थित हैं। सब्सिडी वाले आयात के क्षतिकारक प्रभावों को बेअसर करने और उचित प्रतिस्पर्धा को बहाल करने के लिए प्रतिकारी शुल्क लगाया जाता है, और इसे वैध आपूर्ति पर प्रतिबंध के रूप में नहीं माना जा सकता है। निचले स्तर के उद्योगों या उपभोक्ताओं पर किसी भी असमान प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाने वाले साक्ष्य के अभाव में, प्राधिकारी इस तर्क में कोई औचित्य नहीं पाते और इसे रद्द करते हैं।

ट. <u>निष्कर्ष</u>

260. प्राधिकारी, कार्यवाही के दौरान उठाए गए मुद्दों, सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई दलीलों और रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों और साक्ष्यों की जांच करने के बाद, निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हैं:

क. वर्तमान निर्णायक समीक्षा के लिए यह आवेदन-पत्र मेसर्स बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड (बीआरएल) और विशाखा ग्लास प्राइवेट लिमिटेड (वीजीपीएल) द्वारा दायर किया गया है। निर्धारित प्रारूपों के अनुसार लागत और क्षति के आंकड़े उनके आंकड़ों के आधार पर हैं। आवेदक सीवीडी नियमावली,1995 के नियम 6(3) और 2(ख) के अभिप्राय से आधार की अपेक्षा पूरी करता है और घरेलू उद्योग है।

ख. मूल जांच के समय निर्धारित विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में संशोधन की आवश्यकता नहीं है। इसलिए, विचाराधीन उत्पाद 'कम से कम 90.5% ट्रांसमिशन के साथ टेक्सचर्ड टफन्ड (टेम्पर्ड) ग्लास है जिसकी मोटाई 4.2 मिमी से अधिक नहीं है (0.2 मिमी की सहनशीलता सहित) और जहां कम से कम एक आयाम 1500 मिमी से अधिक है, चाहे वह लेपित हो या बिना लेपित हो। तथापि, स्पष्टता के लिए, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के अन्य नामों में से एक के रूप में हीट स्ट्रेंथन्ड ग्लास को जोड़ा है।

ग. घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित सामान मलेशिया से आयातित संबद्ध सामानों की समान वस्तु हैं।

घ. मलेशिया सरकार ने निर्णायक समीक्षा में जांच की गई 'नई सब्सिडी' के लिए उत्तर दायर नहीं किया है। इसलिए, इन योजनाओं के संबंध में निर्धारण उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया गया है।

ड. हितबद्ध पक्षकारों ने पहले प्रतिकारित योजनाओं की समाप्ति का कोई सबूत पेश नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, पूर्व में प्रतिकारित योजनाओं को बाद की जांचों में प्रतिकारयुक्त किया गया है। अतः, प्राधिकारी मानते हैं कि मूल जांच में प्रतिकारित योजनाएं जांच की वर्तमान अवधि में जारी हैं।

च. मलेशिया में संबद्ध सामानों के उत्पादक प्रतिकार योग्य सब्सिडियों से लाभ लेते रहे है।

छ. जांच की वर्तमान अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की स्थिति कमजोर है। इसके अलावा, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के आधार पर, शुल्क बंद होने की स्थिति में मलेशिया से सब्सिडी और क्षति के जारी रहने और बार-बार होने की संभावना के स्पष्ट संकेत हैं।

ज. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर, यह देखा गया है कि मलेशिया के उत्पादक निर्यातोन्मुख हैं। उत्पादकों ने ऐसी क्षमताएं स्थापित की हैं जो देश में मांग से कहीं अधिक हैं।

झ. मलेशिया से अन्य देशों को निर्यात क्षतिकारक कीमतों पर हैं और उपायों की समाप्ति की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

ठ. <u>सिफारिशें</u>

261. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान कार्यवाही लागू कानून के अनुसार की गई थी। सभी हितबद्ध पक्षकारों को विधिवत अधिसूचित किया गया और उन्हें जांच के तहत मामलों पर सूचना प्रदान करने और अपने विचार प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर दिया गया, जिसमें सब्सिडी, क्षति, कारणात्मक संपर्क, सब्सिडी और क्षति के बार बार होने या जारी रहने की संभावना और भारतीय उद्योग पर उपायों का प्रभाव शामिल है। निर्णायक समीक्षा के अनुसरण में, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि वर्तमान मामले में प्रतिकारी शुल्क जारी रखे जाने की आवश्यकता है। प्राधिकारी ने जांच की अवधि के दौरान प्रतिभागी निर्यातकों द्वारा प्राप्त वास्तविक सब्सिडी मार्जिन की सिफारिश की है।

262. यह निष्कर्ष निकालते हुए कि यदि मौजूदा प्रतिपूरक शुल्क समाप्त कर दिए जाते हैं तो सब्सिडीकरण और हानि की संभावना के पुख्ता प्रमाण मौजूद हैं, प्राधिकरण का मत है कि विचाराधीन उत्पाद के आयात पर संबंधित देश से लागू सब्सिडी-विरोधी/प्रतिपूरक शुल्क को जारी रखना आवश्यक है। उपरोक्त वर्णित मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, नामित प्राधिकरण संबंधित देश से आयातित वस्तुओं पर मौजूदा सब्सिडी-विरोधी/प्रतिपूरक शुल्क को जारी रखने की सिफारिश करना उचित समझता है। तदनुसार, मलेशिया के उत्पादकों के लिए सब्सिडी-विरोधी/प्रतिपूरक शुल्क की सिफारिश नीचे दी गई शुल्क तालिका के अनुसार की जाती है।

263. यह निर्धारित करने के बाद कि यदि मौजूदा प्रतिपूरक शुल्क वापस ले लिया जाता है तो इस मामले में सब्सिडी जारी रहने/पुनरावृत्ति होने तथा घरेलू उद्योग को नुकसान होने की संभावना है, वर्तमान जांच के तथ्यात्मक मैट्रिक्स को ध्यान में रखते हुए, मलेशिया से आयातित संबंधित वस्तुओं पर मौजूदा प्रतिपूरक शुल्क को शुल्क की वर्तमान मात्रा में बिना किसी संशोधन के जारी रखना उचित समझा जाता है।

264. हालांकि, प्राधिकरण यह भी नोट करता है कि किर्बिंग ग्रुप (एम) एसडीएन. बीएचडी (किर्बिंग) नामक एक निर्यातक ने वर्तमान सनसेट रिव्यू जांच में भाग लिया है, जबकि मूल जांच के समय उसने भाग नहीं लिया था। निर्यातक ने वर्तमान सनसेट रिव्यू के दौरान सहयोग किया है और प्राधिकरण ने डेस्क सत्यापन के माध्यम से निर्यातक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का भी सत्यापन किया है। वर्तमान जांच के तथ्यों के आधार पर, प्राधिकरण किर्बिंग के लिए अलग से प्रतिपूरक शुल्क दर निर्धारित करना उचित समझता है। हालांकि, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि वर्तमान जांच में मौजूदा प्रतिपूरक शुल्क की समाप्ति की स्थिति में सब्सिडी के जारी रहने/पुनरावृत्ति और नुकसान की संभावना है, उक्त उत्पादक/निर्यातक के लिए प्रतिपूरक शुल्क की मात्रा केवल सब्सिडी के मार्जिन के बराबर या उससे कम प्रतिपूरक शुल्क के सिद्धांत के आधार पर निर्धारित नहीं की जा सकती है, जैसा कि नियम 4 (घ) के तहत नई जांच में प्रावधान किया गया है। मलेशिया से आयातित वस्तुओं पर लागू वर्तमान प्रतिपूरक शुल्क में मूल जांच में भाग लेने वाले सहयोगी उत्पादक/निर्यातक के लिए प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रतिपूरक शुल्क और गैर-सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों पर लागू शुल्क दोनों शामिल हैं। चूंकि वर्तमान समीक्षा में संबंधित देश से आयातित वस्तुओं पर मौजूदा प्रतिपूरक शुल्क को जारी रखने की सिफारिश की जा रही है, इसलिए प्राधिकरण किर्बिंग के लिए भी सहयोगी निर्यातक पर लागू मौजूदा प्रतिपूरक शुल्क दर की सिफारिश करना उचित समझता है।

265. इस प्रकार, प्रतिकर शुल्क (एंटी-सब्सिडी) नियमावली के नियम 19(1)(ख) को नियम 24(3) के साथ पठित करते हुए, प्राधिकरण यह उपयुक्त एवं आवश्यक मानता है कि नीचे दी गई शुल्क तालिका के स्तंभ 7 में दर्शित राशि के समतुल्य वर्तमान प्रतिकर शुल्क को मलेशिया से आयातित सभी विचाराधीन वस्तुओं पर पाँच (5) वर्ष की अवधि के लिए जारी रखने की अनुशंसा की जाए। तदनुसार, उपर्युक्त स्थापित तथ्यों एवं परिस्थितियों के आलोक में, यह अनुशंसा की जाती है कि शुल्क तालिका के स्तंभ 7 में निर्दिष्ट राशि के समतुल्य प्रतिकर शुल्क, इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा जारी की जाने वाली अधिसूचना की तिथि से, मलेशिया में उत्पन्न अथवा वहाँ से निर्यातित विचाराधीन वस्तुओं के सभी आयातों पर अधिरोपित किया जाए।

शुल्क तालिका

क्र.सं.	प्रशुल्क शीर्ष/उपशीर्ष	सामानों का विवरण	मूल देश		निर्यात का देश	उत्पादक	सीआईएफ के % के रूप में शुल्क
1	2	3	4		5	6	7
1	7003, 7005, 7007, 7016, 17020 और 8541*	टेक्स्चर्ड टफन्ड (टेम्पर्ड) कोटेड और अनकोटेड ग्लास**	मलेशिया		मलेशिया	शिनयी सोलर (मलेशिया) एसडीएन. बीएचडी	9.71%
2	-वही-	-वही-	मलेशया		मलेशिया	एसबीएच किबिंग एसडीएन. बीएचडी	9.71%
3	-वही-	-वही-	मलेशिया		मलेशिया सहित सभी देश	क्रमांक 1 और 2 में उल्लिखित उत्पादक को छोड़कर कोई भी उत्पादक	10.14%
4	-वही-	-वही-	मलेशिया को छोड़कर कोई देश		मलेशिया	कोई	10.14%

**उपर्युक्त में उल्लिखित कंपनियों के लिए निर्दिष्ट व्यक्तिगत शुल्क दरों का आवेदन-पत्र सीमा शुल्क अधिकारियों को एक वैध वाणिज्यिक बीजक प्रस्तुत करने पर सशर्त होगा, जिस पर ऐसे बीजक जारी करने वाली कंपनी के एक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एक घोषणा दिनांकित होगी, जो उसके नाम और कार्य द्वारा पहचाना जाएगा, जो इस प्रकार तैयार किया गया है: 'मैं, अधोहस्ताक्षरी, प्रमाणित करता हूं कि इस बीजक द्वारा कवर किए गए भारत को निर्यात के लिए बेचे गए (उत्पाद संबंधित) की मात्रा मलेशिया में (कंपनी का नाम और पता) द्वारा निर्मित की गई थी। मैं घोषणा करता हूं कि इस बीजक में दी गई सूचना पूर्ण और सही है।' यदि ऐसा कोई बीजक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो अन्य सभी कंपनियों पर लागू शुल्क, लागू होगा। यह ज़रूरत लागू कस्टम कानून और नियमों के तहत कस्टम अधिकारियों द्वारा स्वतंत्र रूप से किए गए वेरिफिकेशन प्रोसेस पर कोई असर डाले बिना है।"*

*** सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।*

**** न्यूनतम 90.5% मोटाई के संचरण के साथ टेक्सचर्ड टफन्ड (टेम्पर्ड) ग्लास 4.2 मिमी से अधिक नहीं (0.2 मिमी की सहनशीलता सहित) और जहां कम से कम एक आयाम 1500 मिमी से अधिक है, चाहे लेपित हो या बिना लेपित हो। उत्पाद को विभिन्न अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे सौर ग्लास, सौर ग्लास कम लोहा, सौर पीवी ग्लास, उच्च संचरण फोटोवोल्टिक ग्लास, टेम्परड कम लोहा पैटर्न वाले सौर ग्लास और हीट स्ट्रेंथन्ड ग्लास।*

266. इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए आयात का पहुंच मूल्य सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के तहत निर्धारणीय मूल्य होगा और इसमें उक्त अधिनियम की धारा 3, 3क, 88, 9 और 9क के तहत शुल्कों को छोड़कर सीमा शुल्क के सभी शुल्क शामिल हैं।

ड. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

267. इन जांच परिणामों के कारण केंद्र सरकार के आदेश के विरुद्ध कोई अपील सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी।

अमिताभ कुमार, निर्दिष्ट प्राधिकारी

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF TRADE REMEDIES)

<u>NOTIFICATION</u>

New Delhi, the 3rd March, 2026

<u>(Final Findings)</u>

<u>Case No. CVD (SSR) – 01/2025</u>

Subject: Final Finding in Sunset Review investigation of Countervailing Duty/ Anti-subsidy concerning imports of "Textured Tempered Glass'" originating in or exported from Malaysia.

F. No. 7/10/2025-DGTR: - Having regard to the Customs Tariff Act 1975 as amended from time to time (hereinafter referred to as the 'Act') and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Countervailing Duty on Subsidized Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995 thereof, as amended from time to time (hereinafter referred as the 'Anti-Subsidy Rules' or the 'Rules' (hereinafter referred to as "CVD Rules");

A. BACKGROUND OF THE CASE

1. M/s Borosil Renewables Limited (BRL) and Vishakha Glass Pvt. Ltd. (VGPL) (hereinafter also referred to as "the domestic industry" or "the applicants") has filed an application before the Designated Authority (hereinafter referred to as the "Authority"), in accordance with the Customs Tariff Act, 1975 as amended from time to time (hereinafter referred as the "Act") and the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Anti-subsidy Duty on subsidized Articles and for Determination of Injury) Rules, 1995, as amended from time to time (hereinafter referred as the 'Rules') for sunset review of anti-subsidy investigation concerning the imports of Textured Tempered Coated and Uncoated Glass (hereinafter referred as the "subject goods" or the "product under consideration or PUC"), originating in or exported from Malaysia (hereinafter referred to as the "subject country").

2. The original anti-subsidy investigation into imports of the subject goods was initiated vide Notification No. 06/13/2019-DGAD dated 12.09.2019. Following a detailed investigation, the Authority concluded that (i) the government of the subject country was providing various subsidies to the producers of subject goods; (ii) the subsidies were countervailable in nature under CVD Rules; and (iii) imports of the subsidised subject goods were causing injury to the domestic industry. Therefore, the Authority recommended imposition of countervailing duties on the imports of subject goods *vide* Notification No. 06/13/2019 dated 11.12.2020. On the basis of the positive recommendation, following definitive countervailing measures were imposed by the Ministry of Finance vide Notification No. 3/2021-Customs (CVD) dated 9.3.2021 and the measures were imposed till 8th June, 2026.

S. No.	Producers	Duty Amount as % of CIF value
1	M/s Xinyi Solar Sdn. Bhd., Malaysia	9.71%
2	All Others	10.14%

3. The applicants have alleged likelihood of continuation or recurrence of subsidisation of subject goods, originating and exported from the subject country and consequent injury to the domestic industry and has requested for review and continuation and enhancement of the anti-subsidy duty imposed on the imports of the subject goods, originating in or exported from the subject country.

4. In terms of Section 9(6) of the Customs Tariff Act, 1975 and Rule 24(3) of the Customs Tariff Rules, 1995 countervailing duties imposed shall, unless revoked earlier, cease to have effect on expiry of five years from the date of such imposition and the Authority is required to review whether the expiry of countervailing duties is likely to lead to continuation or recurrence of subsidized imports.

5. The applicants filed an application on behalf of the domestic industry, in accordance with the Act and the Rules, requesting a sunset review of the countervailing duties on imports of subject goods originating in and exported from Malaysia. The applicants have sought continuation of the countervailing duties levied on imports of the subject goods on the grounds that expiry of the duties is likely to result in continuation of subsidized subject imports and consequent injury to the domestic industry. Further, the applicants have sought enhancement of duties.

6. The Authority examined the application filed on behalf of the domestic industry and found prima facie evidence of likelihood of continuation/recurrence of subsidization and consequent injury to the domestic industry. Consequently, in accordance with the Rules, the Authority initiated the subject investigation vide Notification No. 07/10/2025-DGTR, dated 24.6.2025, published in the Gazette of India (Extraordinary), to review the need for continued imposition and enhancement of the countervailing duties in respect of the subject goods, and to examine whether the expiry of the said duties is likely to lead to continuation of subsidisation and injury to the domestic industry. Countervailing duty was extended by MOF on the recommendations of DGTR vide Notification No. 07/2025-Customs (CVD), and duty is effective till 8th June 2026.

7. The scope of the present review covers all aspects of the aforementioned original investigation concerning the subject goods.

B. PROCEDURE

8. The procedure described below has been followed with regard to the investigation:

8.1 Initiation

a. The Authority issued a public notice dated 24th June 2025, published in the Gazette of India, Extraordinary, initiating the anti-subsidy investigation concerning the imports of the subject goods from the subject county.

b. The Authority sent a copy of the initiation notification to the government of the subject country, through their embassy in India, known producers and exporters from the subject country, known importers/users, the domestic industry, the other Indian producers as well as other interested parties, as per the addresses made available by the applicant and requested them to make their views known in writing within the prescribed time limits.

8.2 Circulation of non-confidential version of the application

a. The Authority provided a copy of the non-confidential version of the application to the known producers/exporters and to the governments of the subject country, through their embassy in India, in accordance with Rule 7(3) of the Rules. A copy of the non-confidential version of the application was provided to other interested parties, wherever requested.

8.3 Participation by Exporters of Subject Country

a. The Authority sent an Exporter's Questionnaire to exporters in subject country to elicit relevant information in accordance with Rule 7(4) of the Rules:

b. The embassy of the subject country in India was requested to advise the exporters/producers from their country to respond to the questionnaire within the prescribed time limit.

c. In response, the following producers/exporters from the subject country have responded by filing questionnaire responses:

(i) Xinyi Solar (M) SDN. BHD,

(ii) SBH Kibing Solar New Materials (M) SDN. BHD.

8.4 Participation by Importers/Users

a. The Authority sent Importer's Questionnaire to the following known importers/users of the subject goods in India calling for necessary information in accordance with Rule 7(5) of the Rules.

(i) Mundra Solar PV Limited

(ii) Swelect Energy Systems Limited

(iii) Premier Energies Limited

(iv) Renewsys India Private Limited

(v) Goldi Solar Private Limited

(vi) Waaree Energies Limited

(vii) Alpex Exports Pvt Ltd

(viii) Vikram Solar Pvt Ltd

(ix) Emmvee Photovoltaic Power Pvt Ltd

(x) Navitas Green Solutions Pvt Ltd

(xi) Sova Power Limited

b. The following importers / users / consumers has filed the questionnaire response. The Authority has also considered their submissions accordingly.

i. Navitas Green Solutions Pvt. Ltd,

ii. Solex Energy Limited,

iii. Reliance Industries Limited.

8.5 Period of Investigation and Injury Period

a. The period of investigation (POI) for the purpose of the present investigation is 1st January 2024 to 31st December 2024 (12 months). The examination of trends in the context of injury analysis covers a period of FY 2021-22, FY 2022-23, FY 2023-24 and the period of investigation.

8.6 Further procedures

a. The Authority made available the non-confidential version of the submissions made by the various interested parties. A list of all the interested parties was uploaded on the DGTR website along with the request to all of them to email the non-confidential version of their submissions to all the other interested parties.

b. Request was made to the DG System to provide the transaction-wise details of imports of the subject goods for the injury period and also the period of investigation. The Authority has relied upon the DG System data for computation of the volume of imports and required analysis after due examination of the transactions.

c. The non-injurious price (NIP) based on the optimum cost of production and cost to make & sell the subject goods in India based on the information furnished by the domestic industry on the basis of Generally Accepted Accounting Principles (GAAP) and Annexure-III to the AD Rules has been worked out so as to ascertain whether anti-subsidy duty lower than the subsidy margin would be sufficient to remove injury to the domestic industry.

d. Physical inspection through on-spot verification of the information provided by the applicant domestic industry and exporters, to the extent deemed necessary, was carried out by the Authority. Only such verified information with necessary rectification, wherever applicable, has been relied upon for the purpose of present findings.

e. The submissions made by the interested parties during the course of this investigation, to the extent supported with evidence and considered relevant to the present investigation, have been appropriately considered by the Authority, in the present findings.

f. Information provided by the interested parties on a confidential basis was examined with regard to the sufficiency of the confidentiality claim. On being satisfied, the Authority has accepted the confidentiality claims wherever warranted and such information has been considered confidential and not disclosed to other interested parties. Wherever possible, parties providing information on a confidential basis were directed to provide sufficient non-confidential version of the information filed on a confidential basis.

g. In accordance with Rule 7(6) of the Rules, the Authority provided the opportunity to all interested parties to present their views orally in the oral hearings held on 28.10.2025 and 04.12.2025, which was attended by interested parties. All the parties who presented their views in the oral hearing were requested to file written submissions of these views. Non-confidential versions of the written submissions were circulated to the interested parties, and an opportunity was given to them to submit rejoinder submissions, if any.

h. Wherever an interested party has refused access to, or has otherwise not provided necessary information during the course of the present investigation, or has significantly impeded the investigation, the Authority has considered such parties as non-cooperative and recorded the views/observations on the basis of the facts available.

i. The Authority provided time for providing comments on PUC/PCN. However, none of the interested parties provided any cogent submissions and therefore, no change in the product was made.

j. The Authority has considered all the arguments raised and information provided by all the interested parties, to the extent the same are supported with evidence and considered relevant to the present investigation. The Authority has examined the evidentiary documents submitted by the interested parties, which has formed the basis for conclusions for the present findings.

k. A Disclosure statement was issued to interested parties on 18th Feburary,2026 containing essential facts under consideration of the Designated Authority, giving time up to 25th February 2026 to furnish comments, if any, on the Disclosure Statement. The authority has considered post disclosure comments received from interested parties appropriately in the present final findings.

